# झारखण्ड लोक सेवा आयोग

# झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा

# JPSC (Pre)

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्न पत्र प्रथम एवं द्वितीय

# सॉल्वड पेपर्स


प्रधान सम्पादक
आनन्द कुमार महाजन

**लेखन सहयोग**
परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**
बालकृष्ण एवं चरन सिंह

**सम्पादकीय कार्यालय**
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
**फोन : 9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**Website : www.yctbooks.com/www.yctbook.com**



**© All rights reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP YCT BOOKS से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव सादर आमंत्रित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची


- झारखण्ड पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2003
  सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र का हल ........................................5-16

- झारखण्ड पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2006 (परीक्षा वर्ष : 2008)
  सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र का हल ........................................17-28

- झारखण्ड पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2008
  सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र का हल ........................................29-39

- झारखण्ड पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2010 (परीक्षा वर्ष : 2011)
  सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र का हल ........................................40-50

- झारखण्ड पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2013 (परीक्षा वर्ष : 2014)
  सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र का हल ........................................51-62

- झारखण्ड पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2013 (परीक्षा वर्ष : 2014)
  सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........................................63-74

- झारखण्ड पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2016
  सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........................................75-86

- झारखण्ड पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2016
  सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........................................87-98

- झारखण्ड पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2021 (परीक्षा तिथि : 19.09.2021)
  सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........................................99-113

- झारखण्ड पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2021 (परीक्षा तिथि : 19.09.2021)
  सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........................................114-128

# Syllabus for the Jharkhand Preliminary Test of Combined Civil Services Examination

The preliminary examination shall consist of two compulsory papers, each of 200 marks namely

**(i) General Studies Paper-I**
**(ii) General Studies Paper –II**

## General Studies Paper-I

**Total marks: 200** **Time : 2 hours**

**Note–** This paper will consist of 100 objective type questions, each of 2 marks, drawn from the subjects listed below. Candidates will have to answer all the questions.

**(A) History of India : 15 Questions**
1. Ancient India (5 questions)
2. Medieval India (5 questions)
3. Modern India (5 questions)

**(B) Geography of India: 10 Questions**
1. General Geography (3 questions)
2. Physical Geography (3 questions)
3. Economical Geography (2 questions)
4. Social & Demographic Geography (2 questions)

**(C) Indian Polity and Governance: 10 Questions**
1. Constitution of India (4 questions)
2. Public Administration and Good Governance (4 questions)
3. Decentralization: Panchayats & Municipalities (2 questions)

**(D) Economic and Sustainable Development: 10 Questions**
1. Basic features of Indian Economy (4 questions)
2. Sustainable Development and Economics issues (4 questions)
3. Economic Reforms and Globalization (2 questions)

**(E) Science & Technology: 15 Questions**
1. General Science (6 questions)
2. Agriculture & Technology Development (6 questions)
3. Information & communication Technology (3 questions)

**(F) Jharkhand Specific Questions (General Awareness of its History, Society, culture & Heritage): 10 Questions**

**(G) National & International Current Events: 15 Questions**

**(H) General Questions of Miscellaneous Nature, not requiring subject specialization. such as : 15 Questions**
1. Human Right
2. Environmental protection, Bio-diversity & Climate Change
3. Urbanization
4. Sports
5. Disaster Management
6. Poverty and Un-employment
7. Awards
8. United Nations and other International Agencies

## General Studies Paper-II

**पूर्णांकः 200** **समयः 2 घण्टे**

**नोट–** इस पत्र में 100 बहुविकल्पीय/वस्तुपूरक (Objective types) प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य होगा।

**A. झारखण्ड का इतिहासः- (8 प्रश्न) 8 × 2 = 16**
- (क) मुण्डा शासन व्यवस्था – (1 प्रश्न)
- (ख) नागवंशी शासन व्यवस्था – (1 प्रश्न)
- (ग) पडहा पंचायत शासन व्यवस्था – (1 प्रश्न)
- (घ) मांझी परगना शासन व्यवस्था – (1 प्रश्न)
- (ङ) मुण्डा मानकी शासन व्यवस्था – (1 प्रश्न)
- (च) ढोकलो सोहोर शासन व्यवस्था – (1 प्रश्न)
- (छ) जातीय पंचायत शासन व्यवस्था – (2 प्रश्न)

**B. झारखण्ड आन्दोलनः- (7 प्रश्न) 7 × 2 = 14**
- (क) झारखण्ड के सदान – (1 प्रश्न)
- (ख) झारखण्ड के आदिवासी – (1 प्रश्न)
- (ग) झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानी – (1 प्रश्न)
- (घ) झारखण्ड के विभूति – (2 प्रश्न)
- (ङ) झारखण्ड आन्दोलन एवं राज्य गठन– (2 प्रश्न)

**C. झारखण्ड की विशिष्ट पहचानः- ( 5 प्रश्न ) 5 × 2 = 10**
- (क) झारखण्ड की सामाजिक स्थिति – (1 प्रश्न)
- (ख) झारखण्ड की सांस्कृतिक स्थिति – (1 प्रश्न)
- (ग) झारखण्ड की राजनीतिक स्थिति – (1 प्रश्न)
- (घ) झारखण्ड की आर्थिक स्थिति – (1 प्रश्न)
- (ङ) झारखण्ड की धार्मिक विशिष्टताएँ एवं पहचान–(1 प्रश्न)

**D. झारखण्ड का लोक साहित्य, नृत्य, संगीत, वाद्य, दर्शनीय स्थल एवं आदिवासी संस्कृतिः- ( 5 प्रश्न ) 5 × 2 = 10**
- (क) लोक साहित्य – (1 प्रश्न)
- (ख) पारंपरिक कला एवं लोक नृत्य – (1 प्रश्न)
- (ग) लोक संगीत एवं वाद्य – (1 प्रश्न)
- (घ) दर्शनीय स्थल–प्राकृतिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक धार्मिक एवं आधुनिक स्थल – (1 प्रश्न)
- (ङ) आदिवासी–जाति–प्रजाति एवं विशेषताएँ –(1 प्रश्न)

**E. झारखण्डी साहित्य और साहित्यकारः- 5 × 2 = 10**
झारखण्डी साहित्य एवं साहित्यकार – (5 प्रश्न)

**F. झारखण्ड के प्रमुख शिक्षण संस्थानः- 5 × 2 = 10**
प्रमुख शिक्षण संस्थान – (5 प्रश्न)

**G. झारखण्ड के खेल–कूदः- ( 5 प्रश्न ) 5 × 2 = 10**

**H. झारखण्ड की भूमि सम्बन्धी कानून/अधिनियमः- 12 × 2 = 24**
- (क) छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम (C.N.T.)–(5 प्रश्न)
- (ख) संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम (S.P.T.)–(5 प्रश्न)
- (ग) अन्य राज्य परक अधिनियम –(2 प्रश्न)

**I. 1947 से राज्य में आर्थिक विकास का इतिहास झारखण्ड का भूगोल–जंगल, नदी, पहाड–पर्वत, खान–खनिज आदिः- ( 10 प्रश्न ) 10 × 2 = 20**

**J. झारखण्ड की औद्योगिक नीति, विस्थापन और पुनर्वास नीति एवं अन्य नीतियाँः- ( 6 प्रश्न ) 6 × 2 = 12**

**K. झारखण्ड के प्रमुख उद्योग का नाम और स्थान तथा औद्योगिक विकासः- ( 5 प्रश्न ) 5 × 2 = 10**

**L. झारखण्ड की प्रमुख योजनाएँ एवं उपयोजनाएँः- ( 5 प्रश्न ) 5 × 2 = 10**

**M. झारखण्ड में जंगल प्रबंधन एवं वन्य जीव जंतु संरक्षण कार्यः- ( 5 प्रश्न ) 5 × 2 = 10**

**N. झारखण्ड राज्य के पर्यावरण संबंधी तथ्य, हो रहे पर्यावरण परिवर्तन एवं उसके अपशमन (Mitigation) एवं अनुकूलन (Adaptation) संबंधी विषयः- ( 7 प्रश्न ) 7 × 2 = 14**

**O. झारखण्ड में आपदा प्रबंधनः- ( 5 प्रश्न ) 5 × 2 = 10**

**P. झारखण्ड से संबंधित विविध तथ्यों एवं समसामयिक घटनाएंः- ( 7 प्रश्न ) 7 × 2 = 14**

**17. MAIN EXAMINATION–**

**(a) The Written Examination will consist of the following papers–**

| (No optional subjects, All are common compulsory Papers) | | | |
|---|---|---|---|
| **Subject** | **Duration** | **Full Mark** | **Remark** |
| **Paper–I:** General Hindi & General English, having two separate sections on (i) General Hindi, and (ii) General English, each of 50 marks having separate answer sheets | **3 hours** | **100** | This paper will only be qualifying in nature in which out of 100 (combined both Hindi and English) Every candidate will have to secure minimum 30 marks. |
| **Note–**The marks obtained in this paper will not be counted for the preparation of the merit list either for the Interview Test or for the final merit list. | | | |
| **Paper-II:** Language and Literature: Under this paper, every candidate will have to opt. for one Language and literature out of fifteen listed below–<br>(i) Oriya/Odia Language & Literature<br>(ii) Bangali Language & Literature<br>(iii) Urdu Language & Literature<br>(iv) Sanskrit Language & Literature<br>(v) English Language & Literature<br>(vi) Hindi Language & Literature<br>(vii) Santhali Language & Literature<br>(viii) panchpargania Lang. & Literature<br>(ix) Nagpuri Language & Literature<br>(x) Mundari Language & Literature<br>(xi) Kurux Language & Literature<br>(xii) Kurmali Language & Literature<br>(xiii) Khortha Language & Literature<br>(xiv) Khadia Language & Literature<br>(xv) Ho Language & Literature | **3 hours** | **150** | **Descriptive type** |
| **Paper-III:** social Science, having two distinct sections on (i) History and (ii) Geography, each of equal weightage. | **3 hours** | **200** | **Descriptive type** |
| **Paper IV:** Indian constitution and Polity, Public Administration and Good Governance | **3 hours** | **200** | **Descriptive type** |
| **Paper V:** Indian Economy, Globalization and Sustainable Development | **3 hours** | **200** | **Descriptive type** |
| **Paper VI:** General Sciences, Environment & Technology Development | **3 hours** | **200** | **Descriptive type** |
| **Total Marks** | | **950** | |

**(b)** Interview Test: 100 Marks

**(c)** Main Examination: Written (950 marks) + Interview Test (100 Marks)

**Grand Total = 1050**

**Note –** The detailed syllabus of all above six papers including preliminary exam papers is separately available on JPSC's website, www.jpsc.gov.in

**18. साक्षात्कार–** मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 100 अंकों का साक्षात्कार (Interview) आयोजित किया जायेगा।

# झारखण्ड पी.एस.सी. ( प्रीलिम्स ) परीक्षा, 2003

# सामान्य अध्ययन

## हल प्रश्न-पत्र

## ( विश्लेषण सहित व्याख्या )

**1. किस चीनी जनरल ने कनिष्क को हराया था?**

(a) पेन चाऔ (b) पान यांग
(c) शी हुआंग टी (d) हो टी

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** कनिष्क बौद्ध धर्म की महायान शाखा का अनुयायी था। इसी के समय में चौथी बौद्ध संगीति हुयी थी। इसी संगीति में पिटकों पर टीकाएं लिखी गयीं जिनको 'महाविभाष' नामक पुस्तक में संकलित किया गया है जिसे बौद्ध धर्म का 'विश्वकोष' भी कहा जाता है। चीनी सेनापति पेन चाओ ने प्रारम्भिक युद्ध में कनिष्क को पराजित कर दिया था। लेकिन दूसरे युद्ध में कनिष्क ने चीनी सेना को हराकर मध्य एशिया के एक बड़े क्षेत्र पर अधिकार कर लिया। जहाँ उसने तत्कालीन 'हान राजवंश' के सेनापति पेन चाऔ की विशाल सेना को परास्त किया। कनिष्क के अब तक प्राप्त सिक्के यूनानी एवं ईरानी भाषा में मिले हैं। इसके दरबार का सबसे महान साहित्यिक व्यक्ति अश्वघोष था।

**2. देवघर स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया?**

(a) राजा फणिमुकुट राय (b) पूरनमल
(c) शिव बालक (d) रुद्रप्रताप

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** देवघर में स्थित शिव मंदिर का निर्माण राजा पूरनमल द्वारा करवाया गया था। देवघर एक शक्तिपीठ भी है। यह बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जहाँ प्रतिवर्ष सावन के महीने में लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ हेतु आते हैं।

**3. अमीर-ए-कोही एक नया विभाग किस सुल्तान द्वारा शुरू किया गया था?**

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) फिरोजशाह तुगलक
(c) मुहम्मद बिन तुगलक (d) सिकंदर लोदी

**उत्तर (c)**

**व्याख्या : दीवान-ए-अमीर-कोही ( कृषि विभाग )**–मुहम्मद बिन तुगलक द्वारा स्थापित, कृषि के तहत भूमि का विस्तार करना, मालगुजारी व्यवस्था को सुदृढ़ करना। **दीवान-ए-मुस्तखराज ( राजस्व विभाग )** – अलाउद्दीन खिलजी बकाया करों की वसूली करना, राजस्व एकत्र करने वाले अधिकारियों का हिसाब रखना। **दीवान-ए-बंदगान ( दास विभाग )** – फिरोज तुगलक द्वारा स्थापित– दासों की संख्या में वृद्धि करना एवं उनकी समस्याओं का समाधान करना। **सिकन्दर लोदी**– आगरा नगर की स्थापना एवं राजधानी दिल्ली से आगरा स्थानान्तरित करना।

**4. दिल्ली सल्तनत का कौन सा सुल्तान लाख बख्श के नाम से जाना जाता है–**

(a) इल्तुमिश (b) बलबन
(c) मुहम्मद बिन तुगलक (d) कुतुबुद्दीन ऐबक

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** कुतुबुद्दीन ऐबक को अपनी उदारता एवं दानी प्रवृत्ति के कारण 'लाखबख्श' (लाखों का दानी) कहा गया है। इतिहासकार मिनहाज ने उसकी दानशीलता के कारण ही उसे 'हातिम द्वितीय' की संज्ञा दी। कुतुबमीनार के निर्माण का कार्य प्रारम्भ करने का श्रेय उसी को है। इल्तुतमिश 'खिलअत' का प्रमाण पत्र पाने वाला पहला तुर्क सुल्तान था। इसने अपने गुलाम चालीस सरदारों का एक गुट बनाया जिसे 'तुर्कान-ए-चिहालगानी' नाम दिया गया था। यह प्रथम तुर्क सुल्तान था जिसने शुद्ध अरबी सिक्के चलवाये। बलबन दिल्ली सल्तनत का ऐसा पहला सुल्तान था- जिसने अपने राजस्व सिद्धान्त की विस्तारपूर्वक व्याख्या की। जिसने तुर्क प्रभाव को कम करने के लिए फारसी परम्परा पर आधारित सिजदा व पैबोस को अनिवार्य कर दिया। अपनी क्रूर कृत्यों एवं सनक भरी योजनाओं के कारण मुहम्मद बिन तुगलक ने कृषि के लिए एक नया विभाग अमीर-ए-कोही बनाया था।

**5. अथावाना का क्या मतबल है?**

(a) भू-राजस्व विभाग (b) भू-राजस्व
(c) आयात कर (d) वाणिज्य कर

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** अथावाना (अठवणे) का मतलब है भू-राजस्व विभाग। मध्यकाल में दक्षिण भारत में अठवणे नामक भू-राजस्व विभाग था जहाँ इससे संबंधित अधिकारी तथा कागज आदि रखे जाते थे।

## मुगल साम्राज्य

**6. मुमताज महल का असली नाम था?**

(a) अर्जुमन्द बानो बेगम (b) लाडली बेगम
(c) मेहरुन्निसाँ (d) रोशन आरा

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** मुमताज महल का असली नाम अर्जुमन्द बानो बेगम था। मुमताज महल का विवाह 1612 ई॰ में शाहजहाँ से हुआ था। ज्ञातव्य है कि मुमताज महल के पिता का नाम आसफ खाँ था। विश्व प्रसिद्ध ताजमहल मुमताज की मृत्यु के पश्चात् उसकी याद में शाहजहाँ ने बनवाया था।

**7. अकबर के दरबार में आने वाला पहला अंग्रेज व्यक्ति था–**

(a) रॉल्फ फिंच (b) सर थॉमस रो
(c) जॉन हॉकिन्स (d) पीटर मुंडी

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** रॉल्फ फिंच बादशाह अकबर के दरबार में आने वाला पहला अंग्रेज व्यक्ति था। उसने आगरा और फतेहपुर सीकरी दोनों शहरों को लंदन से बड़ा और भव्य बताया। जॉन हॉकिंस – सह तुर्की और फारसी का मध्य एशिया में विशेषज्ञ था। यह पहली बार जहाँगीर के समय में हेक्टर नामक जहाज से भारत आया। यह 1608 में जहाँगीर से अजमेर में मिला और बादशाह जहाँगीर ने इसे खान की उपाधि दी। 1615 ई. में टॉमस रो जेम्स I के पत्र को लेकर जहाँगीर के समय में भारत आया।

**8. किस मुगल बादशााह को जिन्दा पीर कहा जाता था?**

(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) शाहजहाँ (d) जहाँगीर

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** औरंगजेब व्यक्तिगत दृष्टि से कट्टर सुन्नी मुसलमान, इस्लाम के कानूनों को अक्षरशः मानने वाला और अपनी कट्टर सुन्नी प्रजा के लिए जिंदा पीर था। वह नमाज और रोजे में नियमित था। मुगल बादशाहों में धार्मिक दृष्टि से इतना चरित्रवान बादशाह कोई नहीं हुआ।

**9. अकबर द्वारा बनाई गई कौन सी इमारत का नक्शा बौद्ध विहार की तरह है?**

(a) पंचमहल (b) दीवान-ए-खास
(c) जोधाबाई का महल (d) बुलंद दरवाजा

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** पंचमहल फतेहपुर सीकरी में स्थित है। इसका निर्माण अकबर ने करवाया था। इसके निर्माण की प्रेरणा नालंदा के बौद्ध विहार से ली गयी थी। इसके निर्माण का उद्देश्य हरम की महिलाओं को घूमने-फिरने के लिए बनाया गया था। जोधाबाई का महल अकबर का निवास स्थान था। यह फतेपुर सीकरी का सबसे बड़ा स्थापत्य है। बुलन्द दरवाजा अकबर ने 1571 में अपने गुजरात (खान देश) के विजय के उपलक्ष्य में बनवाया था।

**10. सुलह-इ-कुल का सिद्धान्त किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया है?**

(a) निजामुद्दीन औलिया (b) अकबर
(c) जैनुल अबीदिन (d) शेख नासिरुद्दीन चिराग

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** अकबर ने दार्शनिक एवं धर्मशास्त्रीय प्रश्नों पर वाद-विवाद करने के लिए फतेहपुर सीकरी में 1575 में इबादतखाना बनवाया। सभी धर्मों का सार संग्रह कर 1581 ई. में उसने दीन-ए-इलाही नामक धर्म प्रवर्तित किया, जिसका प्रधान व्याख्याता बादशाह स्वयं था। इसी ने सुलह-ए-कुल का सिद्धान्त प्रतिपादित किया। कश्मीर का सबसे महान शासक जैनुल आब्दीन था। वह उदार, दयावान, विद्वान शासक था। उसी के प्रयास से महाभारत और राजतरंगिणी का अनुवाद फारसी में हुआ। उसे कश्मीर का अकबर कहा जाता है। निजामुद्दीन औलिया शेख फरीद के शिष्य थे। इनका जन्म बदायूँ में हुआ। इनका मकबरा दिल्ली में स्थित है। इन्होंने चिश्ती सम्प्रदाय को अखिल भारतीय बनाया। शेख नासिरुद्दीन को चिराग-ए-देहलवी कहा जाता है। ये निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे।

**11. ब्रिटिश जनरल जिसने हैदर अली को पोर्टोनोवा के युद्ध में हराया –**

(a) कैप्टन पौपहेम (b) सर आयर कूट
(c) सर हेक्टर मुनरो (d) जनरल गोड्डर्ड

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** अक्टूबर, 1780 में हैदर अली ने अर्काट पर अधिकार कर लिया। तत्कालीन गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स ने 'सर आयर कूट' को हैदर अली के मुकाबले के लिए दक्षिण भेजा दूसरी ओर वह अपनी सफल कूटनीति से महादजी सिंधिया और निजाम को अंग्रेजी विरोधी गुट से अलग करने में सफल रहा। इस बिखराव से हैदर अली के उत्साह में कोई कमी नहीं आयी और वह डटकर अंग्रेजों का मुकाबला किया। परन्तु 1781 में सर आयरकूट द्वारा हैदर अली पोर्टोनोवा में पराजित कर दिया गया। बाद में हैदर अली की मृत्यु हो गयी।

**12. महाराजा रणजीत सिंह के उत्तराधिकारी थे–**

(a) हरिहर सिंह नलवा (b) खड्ग सिंह
(c) शेर सिंह (d) नौनिहाल सिंह

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** महाराजा रणजीत सिंह (जन्म 13 नवम्बर, 1780 में गुजरावाला में, इनके दादा चरत सिंह सुकरचकिया मिसल के वीर नेता थे) के उत्ताधिकारी खड्ग सिंह थे। गुरु गोविन्द सिंह और बन्दा बहादुर की मृत्यु के पश्चात् पंजाब छोटे-छोटे राज्यों में विभक्त हो गया जिसे मिसल कहा गया।

**13. कोल विद्रोह 1831-32 का नेतृत्व किसने नहीं किया?**

(a) बुद्धू भगत (b) सुर्मा
(c) सिगराय (d) जतरा भगत

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** छोटा नागपुर के कोलों ने अपना क्रोध उस समय प्रकट किया जब उनकी जमीन उनके मुखिया मुंडों से छीनकर मुस्लिम कृषकों तथा सिक्खों को दे दी गयी। 1831 में कोलों ने 1000 के लगभग विदेशी लोगों को जला दिया या मार दिया। इस आंदोलन का नेतृत्व बुद्धूभगत, सिंगराय तथा सुर्मा ने किया। जतरा भगत ने 1920-21 छोटा नागपुर के तानाभगत आंदोलन का नेतृत्व किया।

**14. संथाल विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?**

(a) सिद्धू-कान्हू (b) भैरव चांद
(c) (a) और (b) दोनों (d) दोनों में से कोई नहीं

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** अंग्रेजों, जमींदारों एवं साहूकारों के शोषण से परेशान होकर संथालों ने वर्ष 1855-56 में विद्रोह कर दिया। इस विद्रोह का नेतृत्व चार भाइयों-सिद्धू, कान्हू, भैरव एवं चांद ने किया। इस विद्रोह का अंग्रेजों द्वारा कठोरता पूर्वक दमन किया गया। लगभग 15000 संथाल मारे गये तथा सिद्धू एवं कान्हू को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद संथाल विद्रोह कमजोर पड़ गया और इस प्रकार इस विद्रोह का अंत हो गया।

**15. मोपला आन्दोलन ( 1921 ) कहाँ हुआ था?**

(a) तेलंगाना (b) मालाबार
(c) मराठवारा (d) विदर्भ

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** मोपला विद्रोही गरीब किसान या भूमिहीन श्रमिक होते थे। 1921ई. में केरल के मालाबार में अली मुसलियार एवं वरियानकुनाय के नेतृत्व में मोपला विद्रोह की शुरूआत हुई। आरंभ में गाँधी जी ने इसका समर्थन किया था किन्तु बाद में इस आंदोलन ने साम्प्रदायिक रूप धारण कर लिया।

**16. वारीन्द्र कुमार घोष के क्रियाकलापों में एक गुप्त क्रान्तिकारी संगठन को बंगाल में जन्म दिया–**

(a) अनुशीलन समिति (b) स्वदेशी वांधव समिति
(c) ब्रती समिति (d) साधना समाज

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** क्रांतिकारियों ने अनेक गुप्त संगठन बनाए जिनमें सबसे महत्वपूर्ण और ज्यादा दिनों तक चलने वाले संगठन थे- अनुशीलन समिति, युगांतर, स्वदेश बांधव समिति और व्रती समिति। इनकी गतिविधियाँ मुख्यतः दो प्रकार की थी- अत्याचारी अफसरों, मुखबिरों और देशद्रोहियों की हत्या करना और डाका डालकर हथियार खरीदने के लिए पैसा इकट्ठा करना। बाद में इसे स्वदेशी डकैती कहा गया। अनुशीलन समिति का गठन 1902 ई. में ढाका (बंगाल) में सतीश चन्द्र बोस और पुलिन बिहारी दास तथा वारीन्द्र कुमार घोष ने की। स्वदेश बांधव समिति का वारीसाल में गठन अश्विनी कुमार दत्त ने किया था।

**17. निम्नलिखित को उनके संगठन के आधार पर क्रमवार सजाइए–**

1. बॉम्बे एसोसिएशन - 1852
2. मद्रास महाजन सभा - 1884
3. इण्डियन एसोसिएशन - 1876
4. इण्डियन लीग - 1875

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 1, 4
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 1, 4, 3, 2

**उत्तर (d)**

**व्याख्या : इण्डियन लीग** - इसकी स्थापना कलकत्ता में सितम्बर, 1875 को अमृत बाजार पत्रिका के सम्पादक और मालिक शिशिर कुमार घोष ने की थी।

**इण्डियन एसोसिएशन -** 26 जुलाई,1876 को कलकत्ता के अल्बर्ट हाल में इसकी स्थापना हुई। इसके संस्थापक सुरेन्द्र नाथ बनर्जी तथा मुख्य सहयोगी आनंद मोहन बोस थे।

**मद्रास महाजन सभा -** 16 मई, 1884 को मद्रास महाजन सभा की स्थापना हुई। वीर राघवाचारी, आनंद चारलू एवं जी. सुब्रह्मण्यम अय्यर इसके संस्थापक थे।

**बाम्बे एसोसिएशन -** 26 अगस्त, 1852 को बम्बई नागरिकों की एक सभा जमशेदजी जीजी भाई की अध्यक्षता में बुलाई गई उसमें इस एसोसिएशन के गठन की घोषणा की गयी। गौरतलब है कि बाम्बे प्रेसीडेन्सी एसोसिएशन की स्थापना 1885 ई. में हुई थी।

**18. निम्नलिखित में से किस कवि को पंजाब का टैगोर कहा गया है?**

(a) पूरण सिंह (b) मोहन सिंह
(c) करतार सिंह दुग्गल (d) अमृता प्रीतम

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** 1981 में 'कागज ते कैनवास' कृति के लिये भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार, साहित्य अकादमी हिन्दी पुरस्कार (1956) एवं पद्मश्री से सम्मानित पंजाबी कवयित्री व उपन्यासकार अमृता प्रीतम को पंजाब का टैगोर कहा जाता है। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ हैं- कोरे कागज, रसीदी टिकट, यात्रा, यह सच है, जेब कतरे आदि। इन्हें जुलाई 2000 में दिल्ली हिन्दी अकादमी द्वारा शताब्दी की कवयित्री सम्मान दिया गया। मोहन सिंह आजाद हिन्द फौज के पहले सैनिक कमांडर थे।

**19. निम्नलिखित को घटनाक्रम के अनुसार सजाइए–**

1. सी. आर. फार्मूला
2. कैबिनेट मिशन
3. गाँधी-जिन्ना बातचीत
4. वेवेल प्लान

(a) 4, 3, 2, 1 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 1,3, 2, 4 (d) 1, 3, 4, 2

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** कैबिनेट मिशन 24 मार्च,1946 को भारत आया। उसमें सर पैथिक लारेंस, स्टैफर्ड क्रिप्स तथा ए. वी एलेक्जेण्डर थे। इसका मुख्य सुझाव भारत में एक संघ की स्थापना था। वेवेल प्लान शिमला में 25 जून, 1945 से संबंधित है। यह प्लान ब्रिटिश सरकार अग्रसर करने के लिए थी। सी. आर. फार्मूला जुलाई, 1944 में था इसमें पाकिस्तान से संबंधित एक सूत्र तैयार किया गया जिसके अनुसार मुस्लिम लीग भारत की स्वतंत्रता की माँग का समर्थन करेगी। गाँधी-जिन्ना वार्ता सितम्बर, 1944 में हुयी थी।

**20. नर्मदा नदी का उद्‌गम स्थल है-**

(a) मुल्ताई (b) अमरकंटक
(c) मऊ (d) देवास

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** नर्मदा नदी का उद्‌गम मध्य प्रदेश में अमरकंटक के निकट मैकाल श्रेणी से होता है। यह प्रायद्वीपीय क्षेत्र में पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली सबसे लम्बी नदी है। यह भ्रंश घाटी से होकर प्रवाहित होती है। इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ-हिरन, ओरसंग, बरना एवं कोलार हैं।

**21. भारत की तटरेखा की कुल लम्बाई लगभग है–**

(a) 3500 किमी (b) 8000 किमी
(c) 6000 किमी (d) 9500 किमी

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** भारत की द्वीपों समेत इसकी जलीय सीमा की लम्बाई 7516.5 किमी है जबकि मुख्य धरातलीय भाग की समुद्री लम्बाई 6100 किमी. है। अतः उत्तर (b) सही है।

**22. संथाल परगना में लगने वाला दुमका का हिजला मेला किस नदी के तट पर आयोजित किया जाता है?**

(a) स्वर्ण रेखा (b) बराकर
(c) मयूराक्षी (d) फल्गु

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** हिजला मेला छोटा नागपुर और संथाल परगना का सबसे बड़ा जनजातीय मेला है। यह मेला प्रत्येक वर्ष फरवरी या मार्च महीने में मयूराक्षी नदी के तट पर लगता है। इसके उद्‌भव का इतिहास संथाल जनजाति की परम्पराओं से जुड़ा है।

**23. किस जनजाति का एकमात्र अस्तित्व केवल झारखण्ड में है?**

(a) मुंडक (b) खरिया

(c) हो (d) विरजिया

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** झारखण्ड के गुमला जिले में जनजातियों की संख्या सर्वाधिक है। झारखण्ड में संथाल जनजाति की संख्या सर्वाधिक है। मुण्डा जनजाति राँची और सिंहभूम जिले में निवास करती है। जनजाति का अस्तित्व केवल झारखण्ड राज्य में है।हो जनजाति संथाल परगना, सिंहभूम जिले में निवास करती है। खरिया जनजाति सिंहभूम, गुमला में रहती है। झारखण्ड की कुल जनसंख्या का 26.21% (2011 की जनगणना के अनुसार) जनसंख्या जनजातियों की है।

**24. ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत में किस नाम से जानी जाती है?**

(a) पद्मा (b) चकमुडुग

(c) हीमजुग (d) साग्पो

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** ब्रह्मपुत्र नदी मानसरोवर झील के पास चेमायुंगडुंग ग्लेशियर से उद्गमित होती है। तिब्बत में इसे सांग्पो (त्सांगपो) नाम से जाना जाता है। बांग्लादेश में यह पद्मा नदी में मिल जाती है, जो बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

**25. निम्नलिखित में से कौन सी नदी एस्चुयरी नहीं बनाती है?**

(a) नर्मदा (b) ताप्ती

(c) माण्डवी (d) महानदी

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** यह नदी छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले से अमरकंटक के दक्षिण में सिहावा के निकट निकलती है। यह 851 किमी. बहकर उड़ीसा में एक बड़ा डेल्टा बनाती हुयी बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

**26. पॉडजोल क्या है?**

(a) कोणधारी वन प्रदेशों में पाई जाने वाली मिट्टी

(b) शुष्क प्रदेशों की मिट्टी

(c) अत्याधिक उर्वर जलोढ़ मिट्टी

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** पॉडजोल को राख मिट्टी भी कहा जाता है, इस मिट्टी में जैविक पदार्थ तथा चूना पदार्थों की कमी होती है। इस प्रकार की मिट्टी में अम्लीय तत्वों की प्रधानता होती है। यह मिट्टी मुख्यतः कोणधारी वन प्रदेशों में पायी जाती है।

**27. निम्नलिखित में से कौन सा बादल अत्यधिक तीव्र वर्षा के लिए उत्तरदायी होता है?**

(a) कपासी (b) कपासी वर्षा

(c) वर्षा-स्तरी (d) पक्षाभ स्तरी

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** कपासी वर्षा मेघ अत्यधिक लम्बवत् विकास वाले मेघ होते हैं इन मेघों से तेज वर्षा, उपल वृष्टि तथा प्रबल झंझावात की क्रियायें अधिक होती है। इसमें भयंकर मेघगर्जन तथा बिजली की चमक भी होती है।

**28. भारत का 90 प्रतिशत अभ्रक झारखण्ड में पाया जाता है इस अभ्रक को क्या कहा जाता है?**

(a) करैया (b) झिबारो

(c) रूबी वैराइटी (d) हुरा

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** अभ्रक उत्पादन में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है। विश्व के कुल उत्पादन का 75-80% अभ्रक भारत में होता है। यह पारदर्शक, लचीला एवं ताप-विद्युत रोधी होता है। चम्पारन से हजारीबाग तक फैली हुयी यहाँ लगभग 600 अभ्रक खाने हैं। कोडरमा वन क्षेत्र में सर्वाधिक खाने हैं। इसके अतिरिक्त गिरिडीह, क्षेमाचंप, चाकल, घाव, तीसरी क्षेत्रों में भी अभ्रक प्राप्त किया जाता है। सिंहभूम व पालामऊ में भी अभ्रक प्राप्त होता है। यह अभ्रक उत्तम प्रकार का होता है इसे 'रूबी माइका' कहते हैं।

**29. टाइफून नामक चक्रवात से निम्नलिखित में कौनसा क्षेत्र अधिक प्रभावित होता है?**

(a) आस्ट्रेलिया (b) चीन सागर

(c) एशिया (d) अमरीका

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** टाइफून उष्णकटिबन्धीय चक्रवात होते है। प्रचण्डता से जन-धन की अपार क्षति होती है। इस प्रकार के चक्रवातों को उत्तरी अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत में 'हरिकेन' तथा दक्षिण-पूर्व एशिया एवं चीन में टाइफून कहा जाता है। टाइफून चक्रवात से चीन सागर क्षेत्र अत्यधिक प्रभावित होता है।

**30. अंडमान निकोबार द्वीपों समूह में द्वीपों की संख्या कितनी है?**

(a) 200 (b) 240

(c) 220 (d) 250

**उत्तर (*)**

**व्याख्या :** बंगाल की खाड़ी में अवस्थित अवस्थित अंडमान निकोबार द्वीप समूह लगभग 572 छोटे-बड़े द्वीपों से मिलकर बना है। ये द्वीप प्रमुखतः समुद्र में जलमग्न पर्वतों के भाग हैं। कुछ द्वीपों की उत्पत्ति ज्वालामुखी क्रिया से हुई है। 10° चैनल अंडमान द्वीप को निकोबार द्वीप से अलग करता है।

**31. भारतीय मानक समय एवं ग्रीनविच माध्य समय के बीच कितने समय का अंतर है?**

(a) – 4 घण्टे 30 मिनट (b) – 5 घण्टे

(c) + 5 घण्टे 30 मिनट (d) + 6 घण्टे 30 मिनट

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** ग्रीनविच मीन टाइम (ब्रिटेन) के लिए स्टैण्डर्ड टाइम होता है। इससे पृथ्वी के अन्य भागों के समय की तुलना की जाती है। ग्रीनविच शून्य देशान्तर पर स्थित है और एक देशान्तर पर 4 मिनट का अन्तर होता है। इसी गणना के आधार पर ग्रीनविच मीन टाइम की तुलना में अन्य देशों का समय ज्ञात किया जाता है। भारतीय मानक समय एवं ग्रीनविच माध्य समय के बीच +5 घण्टे 30 मिनट का अन्तर है।

**32. निम्नलिखित में से कौन सी शीतधारा है?**

(a) वेंगुवेला (b) क्यूरोशियो

(c) गल्फ स्ट्रीम (d) ब्राजील

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** उत्तरी अटलांटिक महासागर की धारा गल्फस्ट्रीम कोई एक धारा नहीं है, बल्कि गर्म धाराओं का समूह है। उत्तरी प्रशान्त महासागर की धारा क्यूरोशियो जापान के पूर्वी तट पर प्रवाहित होने वाली गर्म जलधारा है। इसकी एक शाखा जापान के पश्चिमी तट पर जाती है। जिसे सुशीमा धारा कहते हैं। द. अटलांटिक धारायें वृत्त बनाती है। इसकी एक ब्राजील धारा है जो गर्मधारा है। द. अटलांटिक महासागर की एक धारा वेंगुवेला है जो एक ठंडी धारा है।

**33. विश्व में सबसे अधिक कपास का उत्पादन कहाँ होता है?**

(a) भारत (b) मिस्र
(c) अमरीका (d) रूस

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** कपास उष्णकटिबन्धीय पौधा है। प्रश्नकाल के समय विश्व में सबसे अधिक कपास का उत्पादन चीन में होता था। दूसरे स्थान पर अमेरिका तथा तीसरे स्थान पर भारत था। विश्व में सबसे अच्छे किस्म का कपास (लंबे रेशे वाला) मिस्र में मिलता है। वर्तमान में भारत विश्व के कपास का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।

**34. वर्तमान में भारतीय संविधान में गणना की दृष्टि से कुल कितने अनुच्छेद और अनुसूचियाँ हैं?**

(a) 390 अनुच्छेद और 5 अनुसूचियाँ
(b) 395 अनुच्छेद और 12 अनुसूचियाँ
(c) 395 अनुच्छेद और 10 अनुसूचियाँ
(d) 444 अनुच्छेद और 12 अनुसूचियाँ

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** संविधान संशोधनों के फलस्वरूप बहुत से अनुच्छेदों के उपखण्ड बढ़ गए हैं जिसके कारण अनुच्छेदों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान में संविधान में 444 अनुच्छेद तथा 12 अनुसूचियाँ हैं। यद्यपि मूल संविधान में 395 अनुच्छेद व 8 अनुसूचियाँ थीं।

**35. भारत के संविधान में सम्मिलित समवर्ती सूची किस देश की देन है?**

(a) सोवियत संघ (b) आस्ट्रेलिया
(c) इटली (d) कनाडा

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** भारतीय संविधान में प्रस्तावना की भाषा, समवर्ती सूची आस्ट्रेलिया से ली गई है तथा संघीय शासन व्यवस्था और राष्ट्रपति द्वारा राज्यपालों की नियुक्ति का प्रावधान कनाडा से लिया गया है। नीति निदेशक तत्व राष्ट्रपति के निर्वाचन में निर्वाचक मण्डल की व्यवस्था आयरलैण्ड के संविधान से लिया गया है।

**36. संविधान सभा का संवैधानिक सलाहकार किसे नियुक्त किया गया था?**

(a) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (b) के. टी. शाह
(c) डॉ. बी. एन. राव (d) ए. के. अय्यर

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** 11दिसम्बर,1946 की बैठक में समितियों-उपसमितियों तथा संविधान सभा के अध्यक्ष की सहायता के लिए सर बेनेगल एन. राव को संविधान सभा का संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किया गया था।

**37. भारतीय संविधान में सम्मिलित नीति निर्देशक तत्वों की प्रेरणा हमें किस संविधान से प्राप्त हुई?**

(a) आस्ट्रेलिया (b) अमरीका
(c) फ्रांस (d) आयरलैंड

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** नीति निदेशक तत्व, राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल की व्यवस्था, राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा में साहित्य, कला, विज्ञान तथा समाज सेवा इत्यादि के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त व्यक्तियों का राष्ट्रपति द्वारा मनोनयन आदि की प्रेरणा आयरलैण्ड के संविधान से लिया गया है।

**38. संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा सिखों द्वारा कृपाण धारण करना धार्मिक स्वतंत्रता का अंग माना गया है–**

(a) अनुच्छेद 24 (b) अनुच्छेद 25
(c) अनुच्छेद 26 (d) अनुच्छेद 27

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** अनुच्छेद 25 के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को सार्वजनिक सुव्यवस्था, नैतिकता तथा स्वास्थ्य के अधीन रहते हुए अंतःकरण की स्वतंत्रता दी गई है अर्थात् किसी भी धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण करने या प्रचार करने का समान अधिकार है।
अतः सिखों द्वारा कृपाण धारण करना धार्मिक स्वतंत्रता का अंग माना गया है।

**39. राष्ट्रपति पर महाभियोग का आरोप संसद के किस सदन द्वारा लगाया जा सकता है?**

(a) लोक सभा
(b) राज्य सभा
(c) संसद के किसी भी सदन द्वारा
(d) उपर्युक्त में से किसी के द्वारा नहीं

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** राष्ट्रपति पर महाभियोग का आरोप संसद के किसी भी सदन द्वारा लगाया जा सकता है। संसद महाभियोग लगाकर राष्ट्रपति को हटा सकती है। संसद के जिस सदन में महाभियोग लगाया जाता है, उसमें 1/4 सदस्यों के हस्ताक्षरों से महाभियोग का प्रस्ताव किया जाता है। यदि प्रस्ताव उस सदन के कुल सदस्यों की संख्या के दो-तिहाई बहुमत से पारित हो जाता है तो दूसरे सदन में इसी प्रकार पारित कराया जाता है। महाभियोग पारित होने पर राष्ट्रपति अपने पद से हट जाता है।

**40. राज्यपाल का वेतन और भत्ते दी जाती हैं –**

(a) कन्सालिडेटेड फंड ऑफ स्टेट से
(b) कन्सालिडेटेड फंड ऑफ इण्डिया से
(c) कन्टिन्जेन्सी फंड ऑफ स्टेट से
(d) (a) और (b) दोनों द्वारा

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** राज्यपाल की परिलब्धियाँ, वेतन और भत्ते तथा उसके पद से सम्बन्धित अन्य व्यय राज्य की संचित निधि पर भारित होता है। राज्य विधानमंडल को इसपर मतदान का अधिकार नहीं होता है। राज्यपाल के वेतन व भत्ते तथा अन्य परिलब्धियों का निर्धारण संसद विधि द्वारा करती है।

41. **भारत के राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र किसको सम्बोधित करके देते हैं?**

(a) लोकसभा स्पीकर
(b) उपराष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री
(d) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** भारत का राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति को सम्बोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकेगा और उपराष्ट्रपति इसकी सूचना लोकसभाध्यक्ष को तुरन्त देगा।

42. **भारत के उपराष्ट्रपति का निर्वाचन होता है–**

(a) संसद के दोनों सदनों द्वारा
(b) संसद के दोनों सदनों और राज्यों की विधान सभाओं द्वारा
(c) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(d) लोक सभा के सदस्यों द्वारा

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** भारत के उपराष्ट्रपति का निर्वाचन एक निर्वाचक मंडल द्वारा होता है जो कि संसद के दोनों सदनों राज्य सभा तथा लोकसभा के सभी सदस्यों से मिलकर बनता है। इसमें विधान सभा के सदस्य सम्मिलित नहीं होते हैं।

43. **राज्य में दूसरे सदन की स्थापना या उसे रद्द करने से सम्बन्धित कौन सी सही विधि है?**

(a) लोक सभा द्वारा साधारण बहुमत स पारित प्रस्ताव
(b) सम्बन्धित राज्य के विधान सभा द्वारा पूर्ण बहुमत से पारित प्रस्ताव
(c) सम्बन्धित राज्य के विधान सभा द्वारा साधारण बहुमत से पारित प्रस्ताव और पारित विधि द्वारा
(d) लोक सभा द्वारा पूर्ण बहुमत से पारित प्रस्ताव

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** अनुच्छेद-169 के तहत संसद विधि द्वारा किसी विधान परिषद वाले राज्य में विधान परिषद के उत्पादन के लिए या एवं राज्य में, जिनमें विधान परिषदन नहीं है, विधान परिषद के सृजन के लिए उपबंध कर सकेगी, यदि उस राज्य की विधान सभा ने इस आशय का संकल्प विधान सभा की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा तथा उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों की संख्या के कम से कम दो-तिहाई बहुमत द्वारा पारित कर दिया है। अनुच्छेद-171 के अनुसार विधान परिषद के सदस्यों की समस्त संख्या उस राज्य के विधान सभा के कुल सदस्यों की संख्या के 1/3 से अधिक नहीं होगी। किन्तु किसी भी दशा में 40 से कम नहीं होगी। विधान परिषद् एक स्थायी सदन है। इसे भंग नहीं किया जा सकता, किन्तु इसके एक-तिहाई सदस्य प्रति दो वर्ष बाद सेवानिवृत्त होते रहते हैं।

44. **सरकारिया आयोग सम्बन्धित है–**

(a) उच्च शिक्षा से
(b) नदी जल विवादों से
(c) शेयर घोटालों से
(d) केन्द्र-राज्य सम्बन्धो से

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** सरकारिया आयोग का गठन मार्च, 1983 में न्यायाधीश आर. एस. सरकारिया की अध्यक्षता में केन्द्र-राज्य के बीच शक्तियों के समान वितरण हेतु सुझाव देने के लिए किया गया। इस आयोग के अन्य सदस्य - बी. शिवरामन तथा एस. आर. सेन थे। आयोग ने अपनी 1600 पेज रिपोर्ट जनवरी, 1988 में पेश की, जिसमें 247 सिफारिशों का उल्लेख किया गया है।

45. **भारत के योजना आयोग के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**

(a) योजना आयोग का संविधान में कोई उल्लेख नहीं है
(b) इसके उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के लिए कोई निश्चित कार्यकाल नहीं होता
(c) इसके सदस्य के लिए कोई निश्चित योग्यता निर्धारित नहीं है
(d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** योजना आयोग की स्थापना मार्च, 1950 में मंत्रिमण्डल के एक प्रस्ताव द्वारा हुई। अतः भारतीय संविधान में इसका उल्लेख नहीं है। तथा इसके उपाध्यक्ष तथा सदस्यों के लिए कोई निर्धारित योग्यता नहीं है तथा कार्यकाल भी निश्चित नहीं होता। प्रधानमंत्री योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष होता है। योजना आयोग का उपाध्यक्ष कैबिनेट मंत्री रैंक का होता है। गौरतलब है कि 1 जनवरी, 2015 से योजना आयोग का स्थान नीति आयोग (NITI Ayog) ने ले लिया है।

46. **जवाहर रोजगार योजना आरम्भ की गई –**

(a) छठी पंचवर्षीय योजना में
(b) सातवीं पंचवर्षीय योजना में
(c) आठवीं पंचवर्षीय योजना में
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** जवाहर रोजगार योजना 1 अप्रैल 1989 से (राष्ट्रीय ग्रामीण विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय भूमिहीन रोजगार गारण्टी कार्यक्रम को मिलाकर) अर्थात् 7वीं पंचवर्षीय योजना में शुरू किया गया था। 7वीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 1985 से 1990 तक रहा।

47. **दसवीं पंचवर्षीय योजना ( भारत ) की अवधि है–**

(a) 2002-2007 (b) 2001-2006
(c) 2000-2005 (d) 2003-2008

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** दसवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 2002 से 2007 तक का है। इसमें 8 प्रतिशत वार्षिक विकास दर का लक्ष्य रखा गया था।

48. **भारत की राष्ट्रीय आय की गणना होती है–**

(a) योजना आयोग द्वारा
(b) वित्त आयोग द्वारा
(c) भारतीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा
(d) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** भारत की राष्ट्रीय आय की गणना के लिए सरकार ने केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन (C.S.O) की स्थापना की थी। यह संस्था नियमित रूप से राष्ट्रीय आय के आंकड़े प्रकाशित करती थी। राष्ट्रीय आय के आँकड़ों के लिए वर्तमान में 2011-12 को आधार वर्ष मानकर स्थिर कीमतों पर राष्ट्रीय आय एवं प्रतिव्यक्ति आय के आँकड़े प्रकाशित किये जाते हैं। वर्तमान में NSSO और CSO का विलय कर NSO (राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय) का गठन कर दिया गया। का अनु. 280 में वित्त आयोग का गठन राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है। जो केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय बंटवारे की सिफारिश करता है। योजना आयोग की स्थापना मंत्रिमण्डलीय प्रस्ताव द्वारा मार्च,1950 में की गयी थी। यह देश के विकास के लिए योजनाओं का प्रारूप तैयार करता था। वर्तमान में योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग (1 जनवरी 2015 को) का गठन किया गया है।

**49. यदि हवा का तापमान बढ़ता है तो उसकी जलवाष्प ग्रहण करने की क्षमता–**

(a) घटती है
(b) बढ़ती है
(c) पहले घटती है पुनः बढ़ती है
(d) कोई प्रभाव नहीं पड़ता

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** वायुमण्डलीय आर्द्रता एवं तापमान में प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। वायु में किसी निश्चित समय पर जल वाष्प धारण करने की शक्ति उसके तापमान पर निर्भर करती है। हवा जितनी ही गर्म होगी, उसमें नमी (आर्द्रता) धारण करने की शक्ति उतनी ही बढ़ेगी।

**50. ऐटम में न्यूट्रॉन की खोज किसने की थी?**

(a) जे. जे. थॉमसन  (b) चैडविक
(c) रदरफोर्ड  (d) न्यूटन

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** न्यूट्रॉन की खोज सर जेम्स चैडविक ने की थी। यह विद्युत उदासीन कण है एवं इसका द्रव्यमान प्रोटॉन के बराबर होता है। इलेक्ट्रॉन की खोज जे.जे. थॉमसन ने की थी। इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान $9.109\times10^{-31}$ kg होता है। थॉमसन के अनुसार इस पर ऋण आवेश होता है। रदरफोर्ड ने परमाणु का प्रथम विखण्डन तथा परमाणु शोध की खोज की। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण नियम की खोज की।

**51. ऑटोमोबाइल्स के हाइड्रॉलिक ब्रेक के कार्य करने का सिद्धान्त है–**

(a) आर्किमिडीज का सिद्धान्त
(b) न्यूटन के गति का नियम
(c) बरनौली का सिद्धान्त
(d) पास्कल का नियम

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** ऑटोमोबाइल्स के हाइड्रोलिक ब्रेक पास्कल के नियम के सिद्धान्त पर कार्य करता है। आर्किमिडीज के सिद्धान्त के अनुसार जब कोई वस्तु किसी द्रव में डुबोई जाती है तो वह द्रव के अंदर अपने आयतन के बराबर आयतन के द्रव को विस्थापित करके स्वयं उसका स्थान ले लेती है। जैसे लोहे का जहाज पानी में तैरता है। न्यूटन का गति विषयक तृतीय नियम के अनुसार प्रत्येक क्रिया की उसके समान परन्तु विपरित दिशा में प्रतिक्रिया होती है। जैसे जब बन्दूक से गोली छोड़ी जाती है तो हमें पीछे की ओर झटका लगता है। बरनौली के नियम के अनुसार जिस स्थान पर द्रव का वेग कम होता है वहाँ दाब अधिक होता है तथा जिस स्थान पर वेग अधिक होता है वहाँ दाब कम होता है। पास्कल के नियम के अनुसार जब किसी सीमित तरल पदार्थ में किसी-किसी बिन्दु पर दबाव में वृद्धि होती है तो पात्र में प्रत्येक दूसरे बिन्दु पर एक समान वृद्धि होती है।

**52. दूरदृष्टि से पीड़ित व्यक्ति को कठिनाई होती है–**

(a) दूर की वस्तु स्पष्ट देखने में
(b) पास की वस्तु स्पष्ट देखने में
(c) दूर व पास दोनों की वस्तु देखने में
(d) इनमें से सभी

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** दूरदृष्टि दोष के कारण आँखें दूर की वस्तु तो देख सकती हैं लेकिन नजदीक की वस्तु का प्रतिबिम्ब रेटिना के पीछे बनता है इससे नजदीक की वस्तु नहीं दिखाई देती। इसके उपाय के लिए उत्तल लेंस का चश्मा लगाया जाना चाहिए।

**53. प्रकाश की गति है–**

(a) $9\times10^2$ m/s  (b) $3\times10^{11}$ m/s
(c) $3\times10^8$ m/s  (d) $2\times10^4$ m/s

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** प्रकाश की चाल (गति) निर्वात में $3.00\times10^8$ m/s; पानी में $2.25\times10^8$ m/s; कांच में $2.00\times10^8$ m/s; रॉक सॉल्ट में $1.96\times10^8$ m/s; तारपीन का तेल में $2.04\times10^8$ m/s; तथा नाइलॉन में $1.96\times10^8$ मी./सेकेन्ड है।

**54. भारी जल का रासायनिक फॉर्मूला है–**

(a) $H_2O$  (b) $D_2O$  (c) $H_2CO_3$  (d) $H_2S$

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** भारी जल का रासायनिक (फॉर्मूला) सूत्र $D_2O$ है। ज्ञातव्य है कि डयुटेरियम हाइड्रोजन का समस्थानिक है। ($D_2O$) रंगहीन, गंधहीन तथा स्वादहीन होता है।

**55. निम्नलिखित में से कौन सा सामान्य ताप पर ठोस अवस्था में रहता है?**

(a) क्लोरीन  (b) ब्रोमीन
(c) आयोडीन  (d) फ्लोरीन

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** आयोडीन नीले-काले रंग का अपारदर्शीय क्रिस्टलीय ठोस है जिसमें धात्विक चमक होती है। अर्थात् आयोडीन सामान्य ताप पर ठोस अवस्था में रहता है।

**56. छपाई में प्रयोग की जाने वाली स्याही निम्नलिखित में से किसके अपघटन से प्राप्त होती है?**

(a) एसेटीलीन  (b) मीथेन
(c) कार्बन टेट्रक्लोराइड  (d) बेन्जीन

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** छपाई में प्रयोग की जाने वाली स्याही मीथेन के अपघटन से प्राप्त होती है। अर्थात् मीथेन ($CH_4$)को 1000°C तापमान पर जलाने पर कार्बन ब्लैक बनता है जिसका उपयोग छपाई (Printing) की स्याही बनाने के लिए किया जाता है।

57. **कॉर्क निम्नलिखित में से किस पेड़ से प्राप्त होता है?**

(a) डलबर्जिया (b) सेडरस
(c) क्वेकस (d) आर्जीमोन

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** कॉर्क ओक (Oak) नामक वृक्ष से प्राप्त किया जाता है जिसका वैज्ञानिक नाम क्वैकस सुबर है।

58. **रुधिर के प्लाज्मा में निम्नलिखित में से किसके द्वारा एन्टीबॉडी निर्मित होती है?**

(a) मोनोसाइट (b) लिम्फोसाइट
(c) इयोसिनोफिल (d) न्यूट्रोफिल

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** रुधिर के प्लाज्मा में लिम्फोसाइट्स द्वारा एण्टीबॉडी निर्मित होती है। लिम्फोसाइट्स छोटे श्वेत रुधिराणु है, परन्तु इनका केन्द्रक बड़ा तथा गोल होता है। इनकी संख्या श्वेत रुधिराणुओं की कुल संख्या का लगभग 20 से 28 प्रतिशत तक होती है, किन्तु कभी-कभी इनकी संख्या बढ़ जाती है। ये प्रायः रुधिर से निकलकर संयोजी ऊत्तक में चले जाते हैं। ये शरीर की प्रतिरक्षी प्रतिक्रियाओं के लिए आवश्यक प्रतिरक्षियों (Antibodies) का निर्माण करते हैं।

59. **लेकसिकोग्राफी का सम्बन्ध है–**

(a) मानव शरीर की संरचना से
(b) शब्दकोष के संयोजन से
(c) गुप्त लिखावट से
(d) चित्र और मॉडल के द्वारा पढ़ाने से

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** लेकसिकोग्राफी का संबंध शब्दकोष के संयोजन से है। फिजियोलोजी मानव शरीर की संरचना से संबंधित है। मानव शरीर अनके जीवित अंगों द्वारा बनी हुई एक जीवित मशीन है। शरीर का प्रत्येक अंग एक निश्चित कार्य के लिए नियमित रूप से कार्य करता है। शरीर की सबसे छोटी इकाई कोशिका होती है।

60. **LASER का पूर्ण प्रारूप है–**

(a) लॉग एमप्लीफिकेशन बाई स्टिमुलेटेड एमिशन ऑफ रेडिएशन
(b) लाइट एमप्लीफिकेशन बाई स्टिमुलेटेड एमिशन ऑफ रेडिएशन
(c) लोकली एमप्लीफाइड स्टिमुलेटेड एमिशन ऑफ रेडिएशन
(d) लाइट एमप्लीफिकेशन बाई स्टिमुलेटेड एमिशन ऑफ रेडियो

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** लेसर (LASER) अक्षर समूह का निर्माण लाइट एम्प्लिफिकेशन बाई स्टीमुलेटेड एमिशन ऑफ रेडिएशन के सांक्षिप्तीकरण से हुआ है जिसका अर्थ होता है विकिरण उत्सर्जन के द्वारा प्रकाश का प्रवर्द्धन। लेसर एक ऐसी युक्ति है जिसमें विकिरण ऊर्जा के उत्सर्जन के द्वारा एकवर्णी प्रकाश प्राप्त किया जाता है। लेसर की खोज अमेरिका की हेजेज अनुसंधान प्रयोगशाला में थियोडोर मैमन द्वारा 1960 में की गई थी।

61. **ब्रह्म मॉस (ब्रह्मोस) सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का निर्माण हुआ है–**

(a) भारत और यू. एस. ए. द्वारा
(b) भारत और रूस द्वारा
(c) भारत और जर्मनी द्वारा
(d) भारत और यू. के. द्वारा

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारत-रूस की संयुक्त परियोजना के तहत विकसित किया गया है। 'दागो और भूल जाओ' के अचूक सिद्धान्त पर निर्मित ब्रह्मोस प्रक्षेपात्र 290 किमी॰ तक मार करने में सक्षम है। ध्वनि की गति से दुगुनी रफ्तार से चलने वाली 8 मीटर लम्बी यह मिसाइल है।

62. **झारखण्ड के वर्तमान राज्यपाल हैं–**

(a) एम. रामा. जोइस (b) वेद मारवाह
(c) एस. के. सिन्हा (d) के. एम. सेठ

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** झारखण्ड राज्य के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार (कार्यकाल 15-11-200 से 03-02-2002) थे। प्रश्न पूंछे जाने के समय झारखण्ड के गवर्नर श्रीवेद मारवाह थे। वर्तमान समय में जुलाई, 2021 से, झारखण्ड के राज्यपाल श्री रमेश बैस हैं।

63. **संख्या की दृष्टि से झारखण्ड की सबसे बड़ी जनजाति है–**

(a) हो (b) मुंडा
(c) संथाल (d) उरांव

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** जनसंख्या की दृष्टि से झारखण्ड की सबसे बड़ी जनजाति संथाल (कुल जनजातीय जनसंख्या का 35.46 प्रतिशत) है तथा दूसरे स्थान पर उंराव (कुल जनजातीय जनसंख्या का 18.14 प्रतिशत) हैं तथा तीसरे स्थान पर मुंडा है।

64. **झारखण्ड निवासी ललित मोहन राय का नाम किस क्षेत्र से जुड़ा हुआ है?**

(a) संगीत (b) खेलकूद
(c) चित्रकारी (d) अभिनय

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** ललित मोहन राय दुमका जिले (झारखण्ड) के निवासी हैं। श्री राय एक अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशिष्ट चित्रकार हैं। उनका मुख्य चित्रांकन आदिवासी जीवन पर आधारित है। वर्ष 1989 में उन्हें 'कलाश्री' से सम्मानित किया गया था। राँची के विख्यात चित्रकार हरेन ठाकुर ने छोटा नागपुर शैली को विशिष्टता प्रदान करते हुए उसे अंतराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलायी है।

65. **झारखण्ड की कितनी प्रतिशत आबादी कृषि कार्यों में लगी हुई है?**

(a) 70.63 (b) 76.26
(c) 90.82 (d) 92.42

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** झारखण्ड राज्य 22°59' उत्तरी अक्षांश से 25°18'- उत्तरी अक्षांश तथा 83°20' पूर्वी देशान्तर से 87°57' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। यहाँ जलवायु उष्ण कटिबंधीय मानसूनी है। राज्य में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून से वर्षा होती है। खनिज सम्पदा की दृष्टि से झारखण्ड भारत का सबसे मूल्यवान क्षेत्र है। इसका क्षेत्रफल 79714 है। राज्य की आबादी देश की कुल जनसंख्या का 2.73% (2011 की जनगणना अनुसार) है। राज्य की 70.63% आबादी कृषि कार्यों में लगी है। राज्य की प्रमुख खाद्यान्न फसलें-धान, गेहूँ, मक्का और दालें हैं।

**66. झारखण्ड का राजकीय फूल कौन सा है?**

(a) गुलाब (b) कमल
(c) पलाश (d) गेंदा

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** झारखण्ड का राजकीय फूल पलाश बुटिया मोनोस्पर्मा है। जबकि राजकीय वृक्ष-साल, राजकीय पशु-हाथी तथा राजकीय पक्षी- कोयल है।

**67. झारखण्ड में कुल 30 आदिवासी समुदाय हैं इनमें से अधिकांश जनजातियों का स्रोत है–**

(a) प्रोटो-आस्ट्रेलायड (b) आस्ट्रिक
(c) नीग्रो (d) मंगोलायड

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** झारखण्ड में कुल 30 आदिवासी समुदाय है। जिसमें अधिकांशतः प्रोटो-आस्ट्रेलायड समूह के हैं। झारखण्ड राज्य की कुल आबादी के तीन मुख्य घटक हैं -जनजातियाँ, सदानी जातियाँ, जो नागपुरी भाषी हैं तथा गैर आदिवासी। इनका प्रतिशत क्रमशः 30, 40 तथा 30 है।

**68. झारखण्ड क्षेत्र से लोक सभा के कुल सदस्यों की कुल संख्या है–**

(a) 14 (b) 16
(c) 18 (d) 20

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** झारखण्ड में लोकसभा के कुल सदस्यों की संख्या 14 है तथा राज्य सभा के सदस्यों की संख्या 6 है और विधानसभा के सदस्यों की संख्या 81 है।

**69. महाभारत में झारखण्ड को किस नाम से जाना जाता है?**

(a) नागदेश (b) गधर्व देश
(c) पुण्डरीक देश (d) मत्स्य देश

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** झारखण्ड क्षेत्र का सर्वप्रथम उल्लेख ऐतरेय ब्राह्मण में पुण्ड्र नाम से मिलता है तथा महाकाव्य काल (महाभारत काल) में छोटानागपुर (झारखण्ड) का नाम पुण्डरीक देश मिलता है। ज्ञातव्य है कि पहली बार 13वीं शताब्दी के एक ताम्रपत्र में झारखंड शब्द का उल्लेख किया गया है। मुगल काल में झारखण्ड क्षेत्र को खुकरा या कुकरा नाम से जाना जाता था।

**70. रिक्त स्थान की पूर्ति करे 24, 49.........108–**

(a) 51 (b) 63
(c) 77 (d) 95

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** दी गई संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत है–

**24 → 49 → 77 → 108**
+25 +28 +31

**71. एक टोकरी में रखे अंडे हर मिनट में दोगुने हो जाते हैं टोकरी अंडों से एक घंटे में पूरी भर जाती है। टोकरी आधी कब भरी थी?**

(a) 30 मिनट (b) 15 मिनट
(c) 19 मिनट (d) 59 मिनट

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** चूँकी टोकरी एक घंटे अथवा 60 मिनट में पूरी भर जाती है, जबकि हर मिनट पर अण्डों की संख्या दोगुनी होती है। अतः 59 मिनट में टोकरी आधी भर जाएगी।

**72. कौन सा अक्षर समूह दूसरे से भिन्न है?**

(a) ACE (b) FHJ
(c) KLN (d) NPR

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| A | (B) | C | (D) | E |
| F | (G) | H | (I) | J |
| N | (O) | P | (Q) | R |
| K | (–) | L | (M) | N |

अतः स्पष्ट है कि KLN दूसरे से भिन्न है।


**73. इनमें से कौन-सा दूसरों से भिन्न है –**

**A B X W F**

(a) F (b) W
(c) B (d) A

**उत्तर (d)**

**74. खाली स्थान भरे –**




(a) 14 (b) 25
(c) 15 (d) 22

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** जिस प्रकार
$43+38=81 \Rightarrow (9)^2$
तथा $12+13=25 \Rightarrow (5)^2$
उसी प्रकार
$400+225=625 \Rightarrow (25)^2$

**75. अगर महीने का चौथा शनिवार 22वाँ दिन है, तो महीने का 13वाँ दिन कौन-सा होगा?**

(a) मंगलवार (b) बुधवार
(c) बृहस्पतिवार (d) शुक्रवार

**उत्तर (c)**


**व्याख्या :** चूँकि महीने का 22वाँ दिन शनिवार है अतः 22-7= 15वाँ दिन भी शनिवार होगा, तब 14वाँ दिन शुक्रवार होगा। अतः 13वाँ दिन बृहस्पतिवार होगा।

**76. A,B का भाई है B,C का भाई है। C,D का पति है E A का पिता है D और E का सम्बन्ध बताइए –**

(a) पुत्री (b) पुत्रवधू
(c) बहन (d) साली

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** प्रश्नानुसार–




प्रश्न से A, C का भाई है E पिता है A का अतः C का भी पिता हुआ, अतः D जो C का पत्नी है, E की पुत्रवधू होगी।

**77. रिक्त स्थान भरें – 31......31......31, 30,.......,31, 30, 31**

(a) 31, 31, 31, 30 (b) 29, 30, 31, 31
(c) 30, 30, 31, 30 (d) 31, 30, 30, 31

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** निम्नलिखित श्रृंखला का क्रम निम्नवत हैं–
31, <u>30</u>, 31, <u>30</u>, 31, 30, 31, 30, 31, 30, 31
अत; अभीष्ट उत्तर (c) हुआ।

**78. S छोटा है A से, लेकिन लम्बा है V से, T छोटा है R से, लेकिन लम्बा है S से, A लम्बा है T से, लेकिन छोटा है R से, सभी को उनकी लम्बाई के अनुसार क्रम में सजाइए–**

(a) ATRVS (b) RATVS
(c) RTASV (d) RATSV

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** प्रश्नानुसार–
अभीष्ट क्रम है-
R > A > T > S > V
या RATSU घटती हुई लम्बाई के अनुसार अभीष्ट क्रम है।

**79. रिक्त स्थानों को भरे –**
**abc...baca...ba...bacaabac...aca**

(a) cacb (b) cbca
(c) cbba (d) cabb

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** दी गई अक्षर श्रृंखला का क्रम निम्नवत् है –
aba <u>c</u> baca <u>a</u> ba <u>c</u> bacaabac <u>b</u> aca
अतः अभीष्ट रिक्ताक्षर होंगे।

**80. अगर आप 4 मील प्रति घंटा के हिसाब से 45 मिनट चलते हैं और 10 मील प्रति घण्टा के हिसाब से 30 मिनट दौड़ते हैं तो 1घण्टा 15 मिनट में आपने कितने मील तय किए हैं?**

(a) 3.5 मील (b) 8 मील
(c) 9 मील (d) 2.5 मील

**उत्तर (b)**


**व्याख्या :** पहले 45 मिनट में तय की गई दूरी = $4\times 45/60 = 3$ मील। दूसरे 30 मिनट में तय की गई दूरी $= 10\times\frac{30}{60} = 5$ मील। अतः कुल 1 घंटा 15 मिनट में तय की गई दूरी = 3+5=8 मील

**81. रिक्त स्थान की पूर्ति करें – 4, 2, 5, 1, 6....**

(a) 0 (b) 7
(c) 9 (d) 11

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** दी गई संख्या श्रृंखला का क्रम निम्नवत् है




**82. प्रतिदिन मधु को 8 घंटा काम करना है इसमें वह 45 मिनट शामिल नहीं है, जो वह खाना खाने में व्यतीत करती है अगर वह 7.25 ए. एम. (A.M.) पर काम करना प्रारम्भ करती है और 12 बजे खाना खाती है, तो उसका काम करने का समय खत्म होगा–**

(a) 3.40 पी. एम. (b) 3.55 पी. एम.
(c) 4.10 पी. एम. (d) 4.25 पी. एम.

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** वह 8 घंटे काम करती है तथा 45 मिनट खाना खाती है, अतः कुल समय = 8.45 घंटा अर्थात उसके काम करने का समय समाप्त होगा = 7:25 AM + 8 : 45 घंटा = 16:10 घंटे = 4:10 pm

**83. एक ज्वालामुखी के फटने से 2002 में कांगों के आधे करोड़ लोग बेघर हो गए उस ज्वालामुखी का नाम है–**

(a) माउन्ट नियरागोन्गो (b) टुपुनगैटिटो
(c) गुआलातिरी (d) सैंगे

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** पूर्वी अफ्रीका के भ्रंश घाटी में भी कुछ ज्वालामुखी पहाड़ मिलते हैं। केन्या और किलिमंजारों इसी क्षेत्र के ज्वालामुखी हैं जो मृत हो चुके हैं। परन्तु पूर्वी अफ्रीकी देश कांगो में अभी भी कुछ सक्रिय ज्वालामुखी क्षेत्र हैं जहाँ रह-रहकर विस्फोट होता रहता है। वर्ष 2002 में कांगों के माउण्ट नियरागोन्गो ज्वालामुखी के फटने से लगभग पचास लाख लोग बेघर हो गये और काफी आर्थिक नुकसान हुआ। माउंट नियरागोन्गो में अंतिम विस्फोट मई, 2021 में हुआ था। **( स्रोत–क्रॉनिकल ईयर बुक-2004 )**

**84. 13वाँ नाम कॉन्फ्रेंस 24-25 फरवरी, 2003 आयोजित किया गया था–**

(a) क्वालालम्पुर (b) इस्लामाबाद
(c) काठमाण्डू (d) नई दिल्ली

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** गुटनिरपेक्ष देशों (NAM) का 13वाँ शिखर सम्मेलन मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर में 24-25 फरवरी, 2003 को आयोजित हुआ था। इस शिखर सम्मेलन में आतंकवाद पर विशेष रूप से चर्चा हुई। गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन 2020

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन सम्मेलन 2020 में वीडिया कान्फ्रेंसिंग (वर्चुवल मोड में) के जरिए भाग लिया।
- इस शिखर सम्मेलन में कोविड-19 महामारी पर चर्चा की गयी।
- नाम (NAM) सम्मेलन की मेजवानी अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलियेव द्वारा की गयी।
इस सम्मेलन की थीम थी- 'संयुक्त रूप से COVID-19 के खिलाफ'

**85. 62वें भारतीय इतिहास कांग्रेस का आयोजन कहाँ किया गया था?**

(a) नागपुर (b) उज्जैन
(c) भोपाल (d) इलाहाबाद

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** 28 दिसम्बर, 2001 को भोपाल में भारतीय इतिहास कांग्रेस का 62वाँ अधिवेशन हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. कर्ण सिंह ने किया। भारतीय इतिहास कांग्रेस के 80वें सत्र का आयोजन केरल के कन्नूर में आयोजित किया गया था जबकि 81वें भारतीय इतिहास कांग्रेस का आयोजन 27 से 29 दिसंबर, 2022 में चेन्नई में आयोजित किया जायेगा।

**86. डिफेन्स रिचर्स डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डी.आर.डी.ओ.) द्वारा बनाया गया मानवरहित एयरक्राफ्ट का नाम है –**

(a) आई. एन. एस. विराट (b) शाल्की
(c) लक्ष्य (d) सुखोई

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** लक्ष्य भारत में निर्मित एक पूर्णतः विकसित मानव रहित विमान है। इसका डिजाइन एवं विकास बंगलौर स्थित आयुध विकास संस्थान द्वारा किया गया है। यह विमान समुद्रतट से 300 मी. ऊँचाई से लेकर 9 किमी. ऊँचाई पर उड़ान भर सकता है। सुखाई-30 एम. के. एस. रूस द्वारा निर्मित विश्व का आधुनिक किस्म का बहुप्रयोजनीय लड़ाकू विमान है जिसको भारतीय वायुसेना में शामिल कर लिया गया है।

**87. तीन दिवसीय विश्व साइंस फेस्टिवल 12-14 फरवरी, 2003 का आयोजन हुआ था–**

(a) मुम्बई (b) कोलकाता
(c) नई दिल्ली (d) चेन्नई

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** वर्ष 2003 का विश्व विज्ञान महोत्सव नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। दिसंबर, 2021 में 7वें इंडिया इंटरनेशनल विज्ञान महोत्सव का आयोजन पणजी में किया गया।

**88. किस देश ने यूरो को अपनी मुद्रा के रूप में नहीं स्वीकार किया है?**

(a) ब्रिटेन (b) डेनमार्क
(c) स्वीडन (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** 1 जनवरी, 1999 से 'यूरो' प्रचलन में आया। इसे अभी तीन यूरोपीय देशों -ब्रिटेन, स्वीडेन और डेनमार्क ने अपनी स्वीकृति नहीं दी है।

**89. नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के नए अध्यक्ष हैं–**

(a) जस्टिस जे. एस. वर्मा
(b) के. टी. थॉमस
(c) जस्टिस ए. एस. आनंद
(d) जस्टिस वी. एन. खरे

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश आदर्श सेन आनंद ने 17 फरवरी, 2003 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का पदभार सम्भाला। न्यायाधीश ए. एस. आनंद की नियुक्ति न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा के स्थान पर की गई जिन्होंने 17 जनवरी, 2003 को अपना कार्यकाल पूरा किया। वर्तमान में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरूण कुमार मिश्रा (जून, 2021 से) है।

**90. वर्ल्ड कप क्रिकेट 2003 में अधिकतम विकेट लेने वाले खिलाड़ी का नाम है–**

(a) चामिन्डा वास (b) ब्रेट ली
(c) ग्लेन मेकग्रा (d) जहीर खाँ

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** 8वें विश्व कप में सर्वाधिक 23 विकेट श्रीलंका के चामिन्डा वास ने लिया था। इसके लिए उन्हें गोल्डेन बॉल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 12वें आई सी सी क्रिकेट वर्ल्ड कप (2019 ई.) में सर्वाधिक 27 विकेट मिशेल स्टार्क ने लिया जबकि प्लेयर ऑफ द सीरिज केन विलियम्स के नाम रहा।

**91. एक एकल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन हुआ जिसमें कुल 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया अगर एक खिलाड़ी एक बार हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो जाता है तो विजेता को घोषित करने के लिए कितने मैच खेलने होंगे?**

(a) 29 (b) 15
(c) 31 (d) 27

**उत्तर (a)**

**92. सबसे अधिक ग्रैमी अवार्डस 2003 जीतने वाली है–**

(a) जेनीफर लोपेज (b) ब्रिटनी स्पियर्स
(c) नोरा जोन्स (d) शायना ट्वेन

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** संगीत के क्षेत्र का शीर्ष वार्षिक पुरस्कार ग्रेमी अवार्ड 23 फरवरी, 2003 को 5 वर्षो के अंतराल पर पुनः आयोजित हुआ। नोरा जोन्स (नोरा जोन्स मशहूर सितार वादक पंडित रविशंकर व न्यूयार्क की कन्सर्ट प्रोड्यूसर सू जोन्स की पुत्री है) ने पाँच ग्रेमी पुरस्कार प्राप्त किए। नोरा जोन्स के एलबम 'कम अवे विद मी' को तीन पुरस्कार मिले, जिन्हें मिलाकर उन्हें मिलने वाले कुल पुरस्कारों की संख्या आठ हो गयी। 63वें ग्रैमी अवार्ड में पॉप म्यूजिक की क्वीन बियॉन्से ने चार ग्रैमी अवार्ड जीते। बियॉन्से (28 ग्रैमी पुरस्कार) सबसे ज्यादा ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला सिंगर बन गयी हैं।

**93. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के नए डाइरेक्टर जनरल हैं–**

(a) जोग चूक ली (b) वाक्लव क्लोरा
(c) हास्लेम ब्रन्डटलेड (d) वाक्लव हावेल

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** विश्व स्वास्थ्य संगठन वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की स्थापना 7 अप्रैल, 1948 ई. में की गयी तथा इसके अध्यक्ष जोग चूक ली थे। इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में है। इस संगठन का उद्देश्य सम्पूर्ण विश्व के लोगों को स्वास्थ्य का उत्तम स्तर प्राप्त कराना है। यह विश्व के पिछड़े एवं निर्धन देशों में महामारियों के नियंत्रण, आवश्यक दवाओं के वितरण, शिशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के विशेष उपाय एवं स्वास्थ्य संबंधी चेतना के आवश्यक प्रसार के लिए महत्वपूर्ण कार्य करता रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वर्तमान में (2017 से अब तक) डायरेक्टर जनरल डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस हैं।

**94. 11वाँ सार्क सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ था?**

(a) भारत (b) पाकिस्तान
(c) बांग्लादेश (d) काठमांडू

**उत्तर (d)**

**व्याख्या :** 4-6 जनवरी, 2002 को नेपाल की राजधानी काठमाण्डू में सार्क (SAARC) के 11वें सम्मेलन का आयोजन किया गया। सार्क के सातों सदस्य देशों ने 5 जनवरी को 'काठमाण्डू घोषणा पत्र' को मंजूरी दी और 6 जनवरी, 2002 को इस पर हस्ताक्षर करके इसे जारी कर दिया। वर्तमान समय में सार्क के सदस्यों की संख्या 8 है। नवम्बर 2016 में इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में आयोजित होने वाले सार्क शिखर सम्मेलन को स्थगित कर दिया गया।

**95. भारत में सबसे अधिक शाखाएँ किस विदेशी बैंक की हैं?**

(a) ए.एन. जेड ग्रिण्डलेज बैंक
(b) स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक
(c) हांगकांग एण्ड शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन
(d) सिटी बैंक

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** विदेशी बैंकों को देश में आने की अनुमति देने में भारतीय रिजर्व बैंक की नीति चयनात्मक रही है। रिजर्व बैंक ने 1995-96 में 4 नये विदेशी बैंकों को भारत बैंकिंग कार्य सम्पन्न करने की अनुमति प्रदान की थी। ताइवान की चाइना ट्रस्ट बैंक ने भी अपनी एक शाखा नयी दिल्ली में स्थापित की है। नए प्रावधानों के तहत विदेशी बैंकों को भारत में अपनी पहली शाखा खोलते समय केवल 10 मिलियन डॉलर की पूँजी साथ में में लानी होती है। ए. एन. जेड ग्रिन्डलेज बैंक की भारत में अधिकतम शाखाएँ (56) हैं। इस समय भारत में कार्यरत समस्त विदेशी बैंकों की 200 शाखाएँ हैं। वर्तमान में भारत में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की सबसे अधिक (100) शाखाएं हैं।

**96. खैरवार आदिवासी आन्दोलन कब हुआ?**

(a) 1874 (b) 1860
(c) 1865 (d) 1870

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** खैरवार आदिवासी आंदोलन 1857 ई. के संथाल विद्रोह की असफलता के प्रतिक्रियास्वरूप 1874 ई. में आरंभ हुआ। यह आंदोलन संथाल परगना से प्रारम्भ हुआ था। इस आंदोलन का नेतृत्व भागीरथ मांझी ने किया था।

**97. नायक समिति का सम्बन्ध है–**

(a) कुटीर उद्योग से (b) लघु उद्योगों से
(c) भारी उद्योगों से (d) उपर्युक्त सभी से

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** सरकार ने लघु उद्योग क्षेत्र की वित्त एवं रुग्णता संबंधी समस्याओं के मूल्यांकन के लिए नायक समिति का गठन किया था, जिसने सितम्बर, 1992 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। लघु उद्योगों की समस्याओं का अध्ययन करके उनके विकास हेतु सुझाव देने को उद्योग मंत्रालय द्वारा गठित डॉ. आबिद हुसैन समिति ने लघु उद्योगों में निवेश सीमा को मौजूदा 60/75 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए किया जाय। लघु उद्योगों में आधुनिक ढंग से उत्पादन कार्य होता है। सवेतन श्रमिकों की प्रधानता होती है तथा पूँजी निवेश भी होता है। कुटीर उद्योग तो किसी एक परिवार के सदस्यों द्वारा पूर्ण या अंशकालिक तौर पर चलाया जाता है, इसमें पूँजी निवेश नाममात्र का होता है।

**98. फूलों के अध्ययन को कहते हैं–**

(a) फ्रेनोलॉजी (b) एन्थोलॉजी
(c) एग्रोस्टोलॉजी (d) पैलीनोलॉजी

**उत्तर (b)**

**व्याख्या :** एन्थोलॉजी (Anthology) अर्थात् पुष्पविज्ञान में पुष्प (फूलों) का अध्ययन किया जाता है तथा एग्रोस्टोलॉजी (Agrostology: घास विज्ञान) में घास का अध्ययन किया जाता है। फ्रेनोलॉजी में मस्तिष्क के विभिन्न भागों की क्रियाशीलता तथा विक्षिप्तता का अध्ययन किया जाता है।

**99. पाइका क्या है?**

(a) नृत्य (b) लोकगीत
(c) चित्रकला (d) नृत्य नाट्य

**उत्तर (a)**

**व्याख्या :** जादुर, कर्मा, मऊ, पाइका, नचनी, नटुआ, अग्नि, चौकारा, संथाल, जमदा, घटवारी आदि सभी झारखण्ड राज्य के आदिवासियों के प्रमुख लोकप्रिय लोकनृत्य है। पाइका बोकारो और धनबाद जिलों में यह नृत्य सैनिक पोशाक में किया जाता है। यहाँ के प्रमुख लोकगीत हैं– एकहरिया, झूमर, फगुवा, उदासी, पावस, झुमरा इत्यादि। ललित मोहन राय एवं हरेन ठाकुर छोटा नागपुर शैली के प्रमुख चित्रकार हैं।

**100. निम्नलिखित में से कौन सा सही मेल नहीं है?**

(a) महुआटाइ अभयारण्य-पलामू
(b) तोपचाँची अभयारण्य-धबाद
(c) उदवा पक्षी विहार-कोडरमा
(d) लायालांग अभयारण्य-चतरा

**उत्तर (c)**

**व्याख्या :** उदबा (उधबा) पक्षी बिहार झारखण्ड के साहिबगंज जिले में स्थित है। जबकि अन्य विकल्प सुमेलित हैं।

# झारखण्ड पी.एस.सी. ( प्रीलिम्स ) परीक्षा, 2006
# सामान्य अध्ययन
## हल प्रश्न-पत्र
## ( विश्लेषण सहित व्याख्या )

**1. भारत में चांदी की उपलब्धता के प्राचीनतम साक्ष्य मिलते हैं-**
(a) हड़प्पा संस्कृति में
(b) पश्चिमी भारत की ताम्रपाषाण संस्कृति में
(c) वैदिक संहिताओं में
(d) चांदी के आहत सिक्कों में
**उत्तर** (a)

**व्याख्या-** चांदी के प्राचीनतम साक्ष्य हड़प्पा सभ्यता से प्राप्त होते हैं। NCERT (प्राचीन भारत) के अनुसार हड़प्पाई स्वर्णकार चांदी, सोने एवं रत्न के आभूषण बनाते थे। यद्यपि ये चांदी का आयात अफगानिस्तान से करते थे।

**2. बौद्ध धर्म के महायान और हीनयान संप्रदायों में सर्वाधिक मौलिक अन्तर निम्नलिखित में कौन सा है?**
(a) अहिंसा पर बल (b) जातिरहित समाज
(c) देवी-देवताओं की पूजा (d) स्तूप पूजा
**उत्तर** (c)

**व्याख्या-** हीनयान सम्प्रदाय में महात्मा बुद्ध को एक महापुरुष माना जाता था, परन्तु महायान सम्प्रदाय में उन्हें देवता माना जाता था, तथा उनकी पूजा की जाने लगी थी। इसी के साथ अनेक बोधिसत्वों की पूजा भी प्रारम्भ हुई।

**3. ऐलोरा में गुफाएं और शैल-कृत मंदिर हैं-**
(a) बौद्धों के (b) बौद्धों और जैनों के
(c) हिन्दुओं और जैनों के (d) हिन्दुओं, बौद्धों और जैनों के
**उत्तर** (d)

**व्याख्या-** एलोरा की गुफाएं महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में वेरूल (ऐलोरा) नामक स्थान पर 5वीं से 11वीं शताब्दी के बीच निर्मित की गई। इसमें कुल 34 शैलकृत गुफाओं में, गुफा संख्या 1 से 12 तक बौद्ध धर्म से, गुफा संख्या 13 से 29 तक हिन्दू धर्म से, तथा गुफा संख्या 30 से 34 तक की गुफाएं जैन धर्म से सम्बन्धित हैं एलोरा की गुफा में 10 चैत्यगृह हैं, जो शिल्प देवता विश्वकर्मा को समर्पित हैं। ज्ञातव्य है कि एलोरा के गुफा मंदिरों का निर्माण राष्ट्रकूटों के समय में किया गया है। इन गुफा मन्दिरों में राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण प्रथम द्वारा निर्मित कैलाश गुफा मन्दिर सर्वोत्कृष्ट है।

**4. गांधार-शैली की मूर्तिकला में बुद्ध का सारनाथ में हुए प्रथम धर्मोपदेश से संबद्ध-मुद्रा का नाम है-**
(a) अभय (b) ध्यान
(c) धर्मचक्र (d) भूमिस्पर्श
**उत्तर** (c)

**व्याख्या-** गान्धार-शैली में निर्मित बुद्ध की मूर्तियां काले स्लेटी पाषाण, चूने तथा पकी मिट्टी से बनी हैं। इसमें बुद्ध को विभिन्न मुद्राओं में दर्शाया गया है। बुद्ध की मूर्तियाँ ध्यान, पद्मासन, धर्मचक्र प्रवर्तन, वरद तथा अभय आदि मुद्राओं में हैं।

**5. तोरमाण किस जातीय दल का था?**
(a) शिथियन (b) हूण
(c) यूची (d) शक
**उत्तर** (b)

**व्याख्या-** तोरमाण हूण था इसने गुप्तकाल में भारत पर आक्रमण किया था। हूण मध्य एशिया में निवास करने वाली जाति थी। 'यूची' हूणों की एक प्रजाति थी। शिथियन शकों की एक शाखा थी।

**6. कवि कालिदास के नाम का उल्लेख किसमें हुआ है?**
(a) इलाहाबाद स्तम्भ लेख में
(b) ऐहोल के उत्कीर्ण लेख में
(c) अलपादु दानलेख में
(d) हनमकोंडा उत्कीर्ण लेख में
**उत्तर** (b)

**व्याख्या-** कवि कालिदास के नाम का उल्लेख चालुक्य नरेश पुलकेशिन द्वितीय के ऐहोल अभिलेख में हुआ है, जिसका रचनाकार रविकीर्ति था। 'भारत के नेपोलियन' के उपनाम से प्रसिद्ध गुप्त शासक समुद्रगुप्त के विजय अभियानों का वर्णन उसके दरबारी कवि हरिषेण द्वारा इलाहाबाद स्तम्भ लेख में किया गया है। प्रयाग प्रशस्ति के अन्य नाम से भी अभिहित किया जाने वाला यह स्तम्भ लेख उसी स्तम्भ पर खुदा है, जिस पर मौर्य शासक अशोक महान का अभिलेख उत्कीर्ण है। इसी स्तम्भ लेख में अशोक की रानी कारुवाकी के नाम का उल्लेख है।

**7. निम्नलिखित में से किसने दिल्ली के आठ सुल्तानों का शासन देखा था?**
(a) जियाउद्दीन बरनी (b) शम्स-ई-सिराज अफीक
(c) मिन्हाज-उस-सिराज (d) अमीर खुसरो
**उत्तर** (d)

**व्याख्या-** ऐसा माना जाता है कि अमीर खुसरों (1253-1325) ने दिल्ली सल्तनत के आठ सुल्तानों का शासन देखा था। इसका जन्म उत्तर प्रदेश के एटा जिले के पटियाली गाँव में हुआ था। यह सुल्तान नासिरुद्दीन महमूद के समय दिल्ली आया तथा गयासुद्दीन तुगलक के समय तक रहा। अमीर खुसरो को 'तूती-ए-हिन्द' के नाम से जाना जाता है। अमीर खुसरो खड़ी बोली का प्रवर्तक था। इसने 'आशिका', 'लैला मजनू', 'तुगलकनामा' तथा 'नूह सिपेहर' नामक पुस्तकों की रचना की। जियाउद्दीन बरनी ने 'तारीख-ए-फिरोजशाही', मिनहाज उस सिराज ने 'तबकात-ए-नासिरी' तथा अफीफ ने 'तारीख-ए-फिरोज शाही' नामक पुस्तकों की रचना की।

**8. राज्य के खर्च पर हज की व्यवस्था करने वाला पहला भारतीय शासक था-**
(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) फिरोजशाह तुगलक
(c) अकबर (d) औरंगजेब
**उत्तर** (b)

**व्याख्या-** फिरोजशाह तुगलक (1351-1388) सल्तनत काल का कल्याणकारी निरंकुश शासक था। अपने कल्याणकारी कार्यों के अंतर्गत फिरोजशाह तुगलक ने 5 बड़ी नहरें खुदवाई, 1200 फलों के बाग लगवाए, रोजगार दफ्तर की स्थापना की। मुस्लिम स्त्रियों, विधवाओं एवं लड़कियों की सहायता हेतु 'दीवान-ए-खैरात' नामक नए विभाग की स्थापना की तथा दासों की देखभाल के लिए 'दीवान-ए-बंदगान' नामक नए विभाग की स्थापना की। इसके अतिरिक्त कट्टर सुन्नी मुसलमान फिरोजशाह तुगलक ने सरकारी (राज्य) खर्च पर मुस्लिमों के लिए मक्का-

मदीना की हज यात्रा की व्यवस्था करने वाला प्रथम भारतीय शासक था। फिरोज हिन्दुओं को 'जिम्मी' (इस्लाम स्वीकार न करने वाले) कहा, तथा हिन्दू ब्राह्मणों पर भी जजिया कर लगा दिया। अकबर ने सन् 1882 में 'दीन-ए-इलाही' नामक नए धर्म को प्रवर्तित किया। बीरबल अकबर के दीन-ए-इलाही को स्वीकार करने वाले एकमात्र हिन्दू थे।

**9. अकबर ने जिस मनसबदारी प्रणाली को लागू किया वह किस देश में प्रचलित प्रणाली से उधार ली गयी थी?**

(a) अफगानिस्तान (b) तुर्की
(c) मंगोलिया (d) फारस

**उत्तर (c)**

**व्याख्या-** अकबर द्वारा शुरू की गयी मनसबदारी व्यवस्था मंगोल नेता चंगेज खां की दशमलव प्रणाली से उधार ली गयी थी। इसके अंतर्गत उन व्यक्तियों को सम्राट द्वारा एक पद प्रदान किया जाता था, जो शाही सेना में होते थे। दिए जाने वाले पद को 'मनसब' एवं इसे ग्रहण करने वाले को मनसबदार कहा जाता था। मनसबदारी व्यवस्था में 'जात' से व्यक्ति के वेतन और प्रतिष्ठा का तथा 'सवार' पद से घुड़सवार दस्तों की संख्या का ज्ञान होता था। मनसबदारों को वेतन नकद एवं जागीर दोनों रूपों में दिया जाता था। जहांगीर के समय सवार पद में 'दु-अस्पा' तथा 'सिंह अस्पा' की व्यवस्था की गई।

**10. मुगलकाल में निम्नलिखित में से किस महिला ने ऐतिहासिक विवरण लिखे?**

(a) गुलबदन बेगम (b) नूरजहां बेगम
(c) जहांआरा बेगम (d) जेबुन्निसा बेगम

**उत्तर (a)**

**व्याख्या-** मुगल काल की उपरोक्त चारों ही महिलाओं ने उच्च शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में प्रतिष्ठा स्थापित की, किन्तु जहाँ तक ऐतिहासिक विवरण लिखने की बात थी, इसमें गुलबदन बेगम, जो बाबर की पुत्री थी, ने 'हुमायूँनामा' नामक ऐतिहासिक ग्रन्थ लिखा। नूरजहां, जहांगीर की पत्नी थी, जिसने नूरजहां गुट बनाकर शासन में हिस्सा लिया। जहांआरा बेगम शाहजहां की बड़ी पुत्री थी जिसने उत्तराधिकार के युद्ध में दारा का साथ दिया तथा शाहजहाँ के बंदी जीवन में उसके साथ रही। जेबुन्निसा औरंगजेब की पुत्री थी, जिसे विद्रोही शाहजादा अकबर द्वितीय से पत्र व्यवहार करने के कारण औरंगजेब ने निर्वासित कर दिल्ली भेज दिया था।

**11. महाराजा रणजीत सिंह के राज्य की राजधानी थी-**

(a) अमृतसर (b) पटियाला
(c) लाहौर (d) कपूरथला

**उत्तर (c)**

**व्याख्या-** महाराजा रणजीत सिंह की राजनीतिक राजधानी 'लाहौर' तथा धार्मिक राजधानी अमृतसर थी। जून, 1839 में महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु के पश्चात् 1845-46 ई. में महाराजा दिलीप सिंह तथा अंग्रेज गवर्नर जनरल लार्ड हार्डिंग की सेनाओं के बीच प्रथम आंग्ल सिक्ख युद्ध हुआ। सन् 1848-49 में लार्ड डलहौजी के समय द्वितीय आंग्ल सिक्ख युद्ध हुआ। ज्ञातव्य है कि प्रसिद्ध 'कोहिनूर हीरा' रणजीत सिंह को अफगान शासक शाहशुजा से प्राप्त हुआ था, जिसे नादिरशाह लाल किले से लूटकर ले गया था और जिसे दिलीप सिंह ने ब्रिटेन की साम्राज्ञी को सौंप दिया था।

**12. भारत के साथ व्यापार के लिए सर्वप्रथम संयुक्त पूंजी कम्पनी किन लोगों ने आरम्भ की?**

(a) पुर्तगाली (b) डच
(c) फ्रेंच (d) डेनिश

**उत्तर (b)**

**व्याख्या-** सन् 1602 में डच (हालैण्ड) संसद द्वारा पारित किए गए प्रस्ताव से एक संयुक्त **'डच ईस्ट इंडिया कंपनी'** की स्थापना हुई। इस कम्पनी को डच संसद द्वारा 21 वर्षों के लिए भारत और पूरब के देशों के साथ व्यापार करने, आक्रमण एवं विजय करने के सम्बन्ध में अधिकार पत्र प्राप्त हुआ। **डच ईस्ट इंडिया कम्पनी** का नाम **'वेरिंगदे-ओस्ट इंडिसे कंपनी'** था। यह कई कम्पनियों को मिलाकर बनी थी। इस प्रकार यह भारत के साथ व्यापार करने के लिए प्रथम व्यापारिक कम्पनी थी। ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ प्रथम के द्वारा दिए गए 15 वर्षीय व्यापार अधिकार-पत्र से दिसम्बर 1600 ई. में **अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कम्पनी** की स्थापना की गई। फ्रेंच ईस्ट इंडिया कम्पनी (कम्पने देस इण्डिसे ओरियंटलेस) की स्थापना लुई (XIV वें) के मंत्री कॉलबर्ट द्वारा 1664 ई. में की गई तथा डेनिस (डेनमार्क) ईस्ट इंडिया कंपनी सन् 1616 में स्थापित हुई थी।

**13. 1793 के बंगाल रेगुलेशन का विशिष्ट लक्षण क्या था?**

(a) उसमें सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का उपबंध था
(b) उससे अंग्रेजी विधि का प्रयोग केवल अंग्रेजों के लिए सीमित हो गया था
(c) उसमें हिन्दुओं और मुसलमानों की स्वीकृत विधियों को भी स्थान दिया गया था
(d) उसमें भारतीय विधि आयोग की नियुक्ति का उपबंध था

**उत्तर (c)**

**व्याख्या-** सन् 1793 ई. के चार्टर एक्ट द्वारा कम्पनी के व्यापारिक अधिकारों को 20 वर्ष के लिए बढ़ाया गया तथा गवर्नर जनरल के अधिकार का विस्तार बम्बई तथा मद्रास प्रेसीडेन्सियों पर भी कर दिया गया। इस एक्ट द्वारा गवर्नर जनरल की परिषद के सभी सदस्यों को वेतन भारतीय कोष से दिए जाने का प्रावधान किया गया। इसके अतिरिक्त 1793 के इस चार्टर एक्ट का सबसे विशिष्ट तत्व यह था कि इस एक्ट के द्वारा हिन्दू एवं मुसलमानों की स्वीकृत सामाजिक गतिविधियों को भी मान्यता एवं स्थान प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि भारत में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना सन् 1773 के चार्टर एक्ट द्वारा तथा 'विधि आयोग' (Law Commission) और विधि सदस्य की नियुक्ति 1833 के चार्टर एक्ट द्वारा की गई थी।

**14. सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला भारतीय शासक था-**

(a) अवध का नवाब (b) हैदराबाद का निजाम
(c) पेशवा बाजीराव द्वितीय (d) ट्रावनकोर का राजा

**उत्तर (b)**

**व्याख्या-** लार्ड वेलेजली (1798-1805) ने भारत में अंग्रेजी राज्य के विस्तार के लिए सहायक संधि प्रणाली का प्रयोग किया। वेलेजली के पूर्व सहायक संधि का सर्वप्रथम प्रयोग फ्रांसीसी गवर्नर डूप्ले ने किया था। लार्ड वेलेजली की सहायक संधि को स्वीकार करने वाला प्रथम भारतीय शासक हैदराबाद का निजाम था। निजाम ने सन् 1798 में वेलेजली की सहायक संधि को स्वीकार किया था। ज्ञातव्य है कि अवध के नवाब ने नवम्बर 1801 में, पेशवा बाजीराव द्वितीय ने दिसम्बर, 1801 में , मैसूर तथा तंजौर ने 1799 में, बरार के भोंसले ने दिसम्बर, 1803 में तथा ग्वालियर के सिंधिया ने फरवरी, 1804 में वेलेजली की सहायक संधि को स्वीकार किया। इसके अतिरिक्त जोधपुर, जयपुर, मच्छेडी, बूंदी तथा भरतपुर के भारतीय नरेशों ने भी सहायक संधि को स्वीकार किया।

**15. चंपारण संघर्ष में निम्नलिखित में से किसने महात्मा गांधी का साथ दिया था?**

(a) वल्लभ भाई पटेल और विनोबा भावे
(b) जवाहरलाल नेहरू और राजेन्द्र प्रसाद
(c) राजेन्द्र प्रसाद और अनुग्रह नारायण सिन्हा
(d) महादेव देसाई और मणिबेन पटेल

**उत्तर (c)**

**व्याख्या-** महात्मा गांधी ने अप्रैल, 1917 में राजकुमार शुक्ला के निमंत्रण पर बिहार के चम्पारन जिले के नील कृषकों पर किए जा रहे अत्याचार के विरुद्ध अपने प्रथम सत्याग्रह आन्दोलन का सफल नेतृत्व किया। चम्पारन सत्याग्रह में महात्मा गांधी के साथ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, अनुग्रह नारायण सिन्हा, नरहरि पारिख, मजहरुल हक, जे.बी. कृपलानी, बृज किशोर तथा महादेव देसाई भी थे। गांधीजी के इस प्रथम सत्याग्रह के परिणामस्वरूप सरकार को अपना आदेश रद्द करना पड़ा, तथा किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार ने एक समिति की नियुक्ति की। जिसमें सदस्य गांधी जी भी थे।

**16. चंबल घाटी के खोह-खड्डों के निर्माण का कारण निम्नलिखित में से किस प्रारूप का अपरदन है?**

(a) आस्फालन (b) चादरी
(c) क्षुद्र सरिता (d) अवनालिका

**उत्तर** (d)

**व्याख्या-** क्षुद्र सरिता का विकसित रूप ही अवनालिका है। ये अवनालिकाएं U एवं V अथवा सुरंग अवनालिका का आकार ग्रहण करके मृदा का अपरदन करती है। भारत में मालवा के पठार में स्थित चम्बल नदी का बाह्य क्षेत्र अवनालिका अपरदन से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र है। अवनालिका अपरदन के परिणामस्वरूप ही चम्बल घाटी में गहरे खोह एवं खड्डों का निर्माण हो गया है।

**17. प्राचीन भारतीय ऐतिहासिक भूगोल में 'रत्नाकर' नाम सूचक था-**

(a) अरब सागर का
(b) बंगाल की खाड़ी का
(c) हिन्द महासागर का
(d) प्रयाग में गंगा, यमुना और पौराणिक नदी सरस्वती के संगम का

**उत्तर** (c)

**व्याख्या-** भारत के प्राचीन ऐतिहासिक भौगोलिक विवरण भारत के प्राचीन वैदिक साहित्य में यत्र-तत्र प्राप्त होते हैं। प्राचीन भारतीय ऐतिहासिक भूगोल में हिन्द महासागर को 'रत्नाकर' नाम से सम्बोधित किया गया है।

**18. तिब्बत के पठार की समुद्र तल से औसत ऊंचाई है-**

(a) 2 किमी. (b) 3 किमी.
(c) 4 किमी. (d) 5 किमी.

**उत्तर** (d)

**व्याख्या-** तिब्बत का पठार हिमालय पर्वत के उत्तर और क्यूनलुन पर्वत के दक्षिण में 4,000 से 5,000 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। इसके पूर्व में सीकांग और पश्चिम में हिन्दुकुश तथा कराकोरम की श्रेणियाँ स्थित है।

**19. हिमालय की रचना समांतर वलय श्रेणियों से हुई है, जिसमें से प्राचीनतम श्रेणी है**

(a) शिवालिक श्रेणी (b) निम्न हिमालय श्रेणी
(c) वृहत् हिमालय श्रेणी (d) धौलाधार श्रेणी

**उत्तर** (c)

**व्याख्या-** हिमालय पृथ्वी की आंतरिक शक्तियों से धरातल की चट्टानों के मुड़ जाने से निर्मित वलित (Fold) पर्वत है। हिमालय प्राचीन 'टेथिस सागर' की विशाल भू-द्रोणी में वलन पड़ने के कारण निर्मित हुआ है। जिसकी विभिन्न श्रेणियों का विकास भिन्न-भिन्न कालों में हुआ। हिमालय की सबसे प्राचीनतम पर्वत श्रेणी वृहत् हिमालय श्रेणी है, जबकि निम्न हिमालय, धौलाधार एवं शिवालिक हिमालय परवर्ती काल में निर्मित श्रेणियां हैं। इनमें से शिवालिक श्रेणी हिमालय की सबसे नवीनतम पर्वत श्रेणी है।

**20. यदि खाद्यान्नों का सुरक्षित संग्रह सुनिश्चित करना हो, तो कटाई के समय उनका आर्द्रता अंश कितने प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए?**

(a) 14% (b) 16% (c) 18% (d) 20%

**उत्तर** (a)

**व्याख्या-** खाद्यान्नों के सुरक्षित भण्डारण को सुनिश्चित करने के लिए फसल की कटाई के समय अनाज के दाने में नमी अर्थात् आर्द्रता की अधिकतम मात्रा 14 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। क्योंकि नमी की प्रतिशत मात्रा इससे अधिक होने पर खाद्यान्नों के सड़ने तथा उसमें हानिकारक कीड़ों के लगने की सम्भावना बढ़ जाती है। उल्लेखनीय है कि भण्डारों में रखे जाने के पश्चात् खाद्यान्नों में मौजूद 14 प्रतिशत से अधिक आर्द्रता या नमी वाष्पित नहीं हो पाती, जिससे अनाज में कीड़े लगने या सड़ने की आशंका बढ़ जाती है।

**21. भारत में सर्वाधिक दूध देने वाली बकरी की नस्ल है-**

(a) बरबरी (b) जमुनापारी
(c) काली बंगाली (d) बीतल

**उत्तर** (b)

**व्याख्या-** वर्तमान में संख्या की दृष्टि से भारत में विश्व की सर्वाधिक बकरियाँ पाई जाती हैं। 'निर्धनों की कामधेनु' बकरी के दूध में आयरन एवं पोटैशियम की प्रचुर मात्रा रहती है, जिससे इसका दूध तपेदिक (T.B.) अल्सर एवं अतिसार के मरीजों के लिए बहुत लाभदायक होता है। भारत में बकरी की सबसे बड़ी संख्या द्विकाजी नस्ल 'जमुनापारी' है, जो न केवल सर्वाधिक दूध देती है, बल्कि मांस के लिए भी उत्तम नस्ल मानी जाती है। भारत की दूधारू बकरियों की नस्लें-जमुनापारी, बरबरी, बीतल तथा झकराना है। ज्ञातव्य है कि देश में सर्वाधिक बकरियां एवं भेड़े राजस्थान में पायी जाती है। केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मख्दूम (मथुरा) में स्थित है।

**22. कृषि भूमि में किसके पौधे उगाने से भूमि का अपरदन अधिकतम तीव्रता से होता है?**

(a) सोर्धम (b) आलू (c) गेंहूँ (d) क्लोवर

**उत्तर** (a)

**व्याख्या-** मृदा अपरदन (क्षरण) एक भौतिक क्रिया है, जिसके द्वारा मृदा पदार्थ एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचा दिए जाते हैं। मृदा की ऊपरी परत मुख्यतः वायु तथा जल के माध्यम से स्थानांतरित हो जाती है। इसी को मृदा क्षरण (Soil Erosion) कहते हैं। कृषि भूमि में सोर्घम अर्थात् ज्वार के पौधों की जड़ों द्वारा मृदा के आंतरिक संगठन को ढीला कर दिया जाता है। फलस्वरूप भूमि का अपरदन अधिक तीव्रता के साथ होने लगता है। मृदा अपरदन को रोकने के लिए फसलों को बदल-बदल कर बोना (शस्यावर्तन) चाहिए।

**23. चावल की खेती के लिए आदर्श जलवायु परिस्थितियां हैं-**

(a) 100 सेमी. से ऊपर वर्षा और $25^0C$ से ऊपर ताप
(b) फसल की पूरी अवधि के लिए ठंडी और नम जलवायु
(c) 100 सेमी से कम वर्षा $25^0C$ से कम ताप
(d) पूरी फसल अवधि में कुछ गरम और शुष्क जलवायु

**उत्तर** (a)

**व्याख्या-** चावल उष्ण आर्द्र कटिबन्ध का पौधा होने के कारण गर्म और आर्द्र प्रदेशों में विशेषकर उगाया जाता है। इसके लिए तापमान कम से कम $20^0C$ से $27^0C$ के बीच में होना चाहिए। वर्षा की मात्रा 120 सेमी. से 200 सेमी. होनी चाहिए।

**24. भारत में निम्नलिखित में से कौन सा मृदा प्रारूप लोहे का अतिरेक होने के कारण अनुर्वर होता जा रहा है?**

(a) मरूस्थलीय बालू (b) जलोढ़
(c) षोडजोलिक (d) लेटेराइट

**उत्तर (d)**

**व्याख्या-** लेटेराइट स्थानबद्ध मिट्टी है, जो भारत में लगभग 1.26 लाख वर्ग किमी. में विस्तृत है। इस मिट्टी का निर्माण आर्द्र एवं शुष्क मौसम के क्रमिक परिवर्तन के कारण 'निक्षालन की प्रक्रिया' (लीचिंग) के द्वारा होता है। निक्षालन की क्रिया के कारण सिलिका एवं चूने का अंश रिसकर नीचे

चला जाता है तथा मृदा से लोहा तथा एल्यूमीनियम के यौगिक ही शेष बचते हैं। लेटेराइट मिट्टी में चूना, नाइट्रोजन, पोटाश एवं फास्फोरस की कमी होती है। चूने की कमी के कारण यह मिट्टी अम्लीय होती है। कम उर्वरा शक्ति वाली यह मिट्टी भारत के पूर्वी व पश्चिमी घाट, राजमहल की पहाड़ी केरल, कर्नाटक के कुछ भागों तथा ओड़ीशा एवं मेघालय के पठारी क्षेत्रों में पायी जाती है। लेटेराइट मिट्टी में चाय, कहवा, रबर, काजू, सिनकोना आदि की बागानी कृषि की जाती है। ज्ञातव्य है कि जलोढ़ मृदा में पोटाश व चूना की अधिकता तथा नाइट्रोजन, फास्फोरस व जीवाश्म का अभाव पाया जाता है। मरुस्थलीय मृदा में लवण व फास्फोरस की अधिकता तथा जीवांश व नाइट्रोजन की कमी पायी जाती है।

**25. तारे का रंग सूचक है-**

(a) सूर्य से दूरी का (b) उसकी ज्योति का
(c) उसकी पृथ्वी से दूरी का (d) उसके ताप का

**उत्तर** (d)

**व्याख्या-** तारों के नियमित वर्णक्रम (Spectrum) अर्थात् उसकी तरंग दैर्ध्य की विकिरण की तीव्रता के आधार पर तारों के रंग को निर्धारित किया जाता है। किसी भी तारे का रंग उसके तापमान का सूचक होता है। लाल तारों के सतह का तापमान $2800^0$C होता है, जबकि नीले तारे का ताप $28000^0$C होता है। सूर्य (एक तारा है) की सतह का तापमान $5500^0$C से $6000^0$C होता है। सूर्य का रंग पीला होता है। तारों में नाभिकीय संलयन की क्रिया से ऊष्मा उत्पन्न होती है।

**26. हमारी आकाश गंगा के केंद्र की परिक्रमा करने में सूर्य को समय लगता है-**

(a) 2.5 करोड़ वर्ष (b) 10 करोड़ वर्ष
(c) 25 करोड़ वर्ष (d) 50 करोड वर्ष

**उत्तर** (c)

**व्याख्या-** आकाश गंगा असंख्य तारों का विशाल पुंज है। जिनमें अधिकांश तारे आंखों द्वारा दिखाई नहीं पड़ते। रात्रि को स्वच्छ आकाश में एक चमकदार मेहराब (Arch) दिखाई पड़ती है। भारत में इसे आकाशगंगा, यूरोप में मिल्की-वे तथा यूनान में इसे गैलेक्सी (Galaxy) कहते हैं। आकाश गंगा के केन्द्र की परिक्रमा करने में सूर्य को लगभग 25 करोड़ वर्ष का समय लगता है।

**27. 'एक ग्रह के दिन का मान और उसके अक्ष का झुकाव लगभग पृथ्वी के दिन मान और झुकाव के समतुल्य है'**

(a) यूरेनस के विषय में (b) नेपच्यून के विषय में
(c) शनि के विषय में (d) मंगल के विषय में

**उत्तर** (d)

**व्याख्या-** मंगल ग्रह में पृथ्वी के समान ही दो ध्रुव (Poles) हैं। यह अपनी अक्ष पर $25^0$ के कोण पर झुका है, जिसकी वजह से यहाँ पृथ्वी की तरह ही ऋतु परिवर्तन होता है।

**28. विली-विली है-**

(a) एक प्रकार का वृक्ष जो शीतोष्ण कटिबंध में उगता है
(b) एक प्रकार की हवा जो मरुस्थल में चलती है
(c) उत्तर-पश्चिम ऑस्ट्रेलिया का उष्णकटिबंध चक्रवात
(d) लक्षद्वीप समूह के निकट सामान्यतः पायी जाने वाली मछली का एक प्रकार

**उत्तर** (c)

**व्याख्या-** विली-विली उत्तर-पश्चिम ऑस्ट्रेलिया का उष्ण कटिबंधीय चक्रवात है। ज्ञातव्य है कि चक्रवातों के भिन्न स्थानों पर भिन्न नाम होते हैं।
हरीकेन-कैरिबियन द्वीप समूह, टायफून-दक्षिणी चीन सागर, विली-विली ऑस्ट्रेलिया, टॉरनेडो-तटीय अमेरिका, ट्विस्टर-स्थलीय अमेरिका।

**29. एक विमान $30^0$ उत्तरी अक्षांश, $50^0$ पूर्वी देशान्तर से उड़ान भरता है और पृथ्वी पर विपरीत सिरे पर नीचे उतरता है। वह कहाँ उतरेगा?**

(a) $30^0$ उत्तरी अक्षांश, $50^0$ पश्चिमी देशान्तर
(b) $30^0$ दक्षिणी अक्षांश, $50^0$ पश्चिमी देशान्तर
(c) $30^0$ उत्तरी अक्षांश, $30^0$ पश्चिमी देशान्तर
(d) $30^0$ दक्षिणी अक्षांश, $130^0$ पश्चिमी देशान्तर

**उत्तर** (*)

**व्याख्या-** यदि कोई विमान $30^0$ उत्तरी अक्षांश तथा $50^0$ पूर्वी देशन्तर से उड़ान भरता है तो वह पृथ्वी के विपरीत ध्रुव में (Antipodal Situation) $30^0$ दक्षिणी अक्षांश की ओर $130^0$ पश्चिमी देशान्तर पर उतरेगा।

**30. प्राणियों और पादपों की जातियों में अधिकतम विविधता मिलती है-**

(a) शीतोष्ण पर्णपाती वनों में
(b) उष्णकटिबंध के आर्द्र वनों में
(c) अत्यधिक प्रदूषित नदियों में
(d) मरुस्थलों और सवाना मैदानों में

**उत्तर** (b)

**व्याख्या-** विषुवत रेखा के दोनों ओर $10^0$ उत्तरी तथा $10^0$ दक्षिणी अक्षांशों के बीच ऊष्ण कटिबंधीय आर्द्र वन पाए जाते हैं। यहाँ वर्ष भर उच्च औसत तापमान (लगभग $27^0$C) पाया जाता है तथा साल भर वर्षा होती रहती है। उच्च तापमान तथा उच्च आर्द्रता (औसत वार्षिक वर्षा 200 सेमी.) के कारण ये वन सदाबहार सघन तथा पूर्ण हरित होते हैं। यहाँ पर महोगनी, ताड़, एबोनी, रोजवुड आदि के लम्बे वृक्ष, एशिया में मलेशिया व इण्डोनेशिया में पाये जाते हैं। इस वन प्रदेश में प्राणियों तथा पादपों की सर्वाधिक विविधता पायी जाती है।

**31. विनाशकारी भूकंप के गुरुत्व के कारण त्वरण होगा-**

(a) $>550$ सेमी/से.$^2$ (b) $>750$ सेमी/से.$^2$
(c) $>950$ सेमी./से.$^2$ (d) $>980$ सेमी./से.$^2$

**उत्तर** (c)

**व्याख्या-** भूगर्भ में चट्टानों के लचीलेपन या समस्थिति के कारण होने वाले समायोजन से भूपृष्ठ का कम्पन प्रारम्भ होता है, उसे भूकम्प मूल (Focus) तथा जहाँ पर सबसे पहले भूकम्पीय लहरों का अनुभव किया जाता है, उसे भूकम्प केंद्र या 'एपीसेन्टर' कहते हैं। सामान्य विनाशकारी भूकम्प का गुरुत्वीय त्वरण 760 सेमी. प्रति सेकेण्ड से अधिक होता है। अधिकांश भूकम्पों के गुरुत्वीय त्वरण का मान 700 सेमी. प्रति सेकेण्ड से अधिक होता है। जबकि वृहत् भूकम्प जो अत्यधिक विनाशकारी होते हैं, के गुरुत्वीय त्वरण का मान 900 सेमी. प्रति से. से 980 सेमी. प्रति से. या इससे अधिक होता है। इसका मापन रिक्टर स्केल पर संभव नहीं होता।

**32. जब $82^o30'$ पूर्वी देशान्तर पर मध्यान्ह हो तब प्रातः के 6.30 किस देशान्तर अंश पर बजेंगे?**

(a) $165^o$ पू. पर (b) $67^o30'$ प. पर
(c) $0^o$ पू. या प. पर (d) $82^o30'$ प. पर

**उत्तर** (c)

**व्याख्या-** जब $82^o30'$ पूर्वी देशान्तर, जिसे भारत का मानक समय (Standard Time) माना जाता है, में मध्यान्ह अर्थात् ठीक 12 बजे होंगे, तब प्रातः के 6.30 बजने में लगा समय = 12–6.30=5.30 घण्टे होगा। अब चूँकि 4 मिनट का समय 1 देशान्तर रेखा को पार करने में लगता है इसलिए 5.30 घण्टे में प्राप्त देशान्तर होंगे- -
$5\times60+\frac{30}{4}=82^030'$ देशान्तर स्पष्ट है कि यह देशान्तर रेखा $0^0$ मध्यान्ह रेखा पर स्थित होगी। इसे विश्व का 'ग्रीनविच मीन टाइम' कहा जाता है।